वर्ष-3, अंक-319
इन्दौर गुरुवार
14 मई 2026
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

जिसने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।



**खतरे में दुनिया : अल नीनो लाएगा सूखा और लू, वैज्ञानिकों की चेतावनी**

## ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में पड़ेगा गंभीर सूखा



**वाशिंगटन, ईएमएस।** दुनिया पर ग्लोबल वॉर्मिंग के बढ़ते खतरे के बीच, वैज्ञानिकों ने गंभीर चेतावनी दी है। उनका अनुमान है कि साल 2026 अब तक के सबसे गर्म वर्षों में से एक हो सकता है। यह चेतावनी तब आई है जब उत्तरी गोलार्ध गर्मी के मौसम में प्रवेश कर रहा है और संभावित अल नीनो की स्थितियां तैयार हो रही हैं।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्लयूएमओ) ने अपनी अप्रैल की रिपोर्ट में बताया था कि भूमध्य रेखा पर प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह तेजी से गर्म हो रही है, जिससे मई से जुलाई के बीच अल नीनो की स्थिति बनने की बहुत संभावना है। हालांकि, अभी भी इसके प्रभावों का सटीक पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार, यदि अल नीनो की स्थिति बनती है, तब इसका वैश्विक मौसम पर गहरा असर पड़ेगा। अमेरिका के दक्षिणी इलाके, दक्षिण अमेरिका महाद्वीप और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में अधिक नमी और बारिश की संभावना है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया जैसे देशों को गंभीर सूखे का सामना करना पड़ सकता है। यूरोपीय यूनियन की कॉपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने इस साल की शुरुआत में ही अटलांटिक और भूमध्य सागर के कुछ हिस्सों में समुद्र की सतह के असामान्य रूप से गर्म तापमान की सूचना दी है, जिससे यूरोप में असहनीय लू की आशंका बढ़ गई है। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा है कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्रभाव इस स्थिति से और भी तेज हो सकते हैं।

## एयर इंडिया की तीन महीनों के लिए कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**वित्तीय वर्ष में 22,000 करोड़ से ज्यादा का घाटा होने का अनुमान**

**नई दिल्ली, ईएमएस।** मध्य पूर्व संकट के कारण जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयर इंडिया ने जून की शुरुआत से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित करने का फैसला लिया है। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दिल्ली से जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कमी की गई है उनमें शिकागो और नेवार्क, सिंगापुर और शंघाई जैसे प्रमुख गंतव्य शामिल हैं। इसके अलावा, एयर इंडिया ने सैन फ्रांसिस्को, पेरिस और टोरंटो जैसे गंतव्यों के लिए भी उड़ानें कम कर दी हैं।

कुल मिलाकर एयरलाइन ने रोज करीब 100 उड़ानों को कम किया है। एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने पिछले सप्ताह कहा था कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कटौती जारी रखेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बढ़ते वित्तीय दबाव और परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करते हुए, एयर इंडिया ने अपने आंतरिक अनुपालन और लागत नियंत्रण उपायों को और कड़ा कर दिया है।

**मोदी कैबिनेट**

## एमएसपी को मंजूरी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में बुधवार को बुनियादी ढांचे और कृषि क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी फैसलों को मंजूरी मिली है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेसवार्ता में बताया कि केंद्र सरकार ने अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा के बीच देश की पहली स्वदेशी सेमी हाई-स्पीड डबल लाइन रेल परियोजना को हरी झंडी दे दी है। करीब 20,667 करोड़ रुपये की लागत वाला यह प्रोजेक्ट न केवल सफर की रफ्तार बढ़ाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा नीट एग्जाम मामलाः याचिका लगा फैमा ने उठाए गंभीर सवाल**

# एनटीए पर नहीं रहा विश्वास



**मेडिकल प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर रद्द कर दी गई है और मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सवाल यह नहीं है कि नीट आयोजित करने वाली एनटीए रहेगी या नहीं, बल्कि सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या दोषियों को समय पर सजा दी जा सकेगी? दरअसल नीट परीक्षा में शामिल करीब 22लाख बच्चों का जहां भविष्य अधर में लटक गया है, वहीं बच्चों के साथ पालकों को भी बिना अपराध के सजा दे दी गई है। जांच और कार्रवाई के नाम पर पेपर खरीदने वाले बच्चों को शिकंजे में लिया जाएगा और फिर बड़े मगरमच्छों को बचाने झूठ का ढोल पीटा जाएगा। अब तक कई राज्यों से गिरफ्तारियां और हिरासत में लेने की कार्रवाई हुई है। इस पर भी राजनीति शुरु हो गई है, जिससे मामले के कमजोर होने का अंदेशा बना हुआ है।**

● नई दिल्ली, ईएमएस

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 को लेकर विवाद अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फैमा) ने सर्वोच्च अदालत में याचिका दाखिल कर परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संगठन ने मांग की है कि वर्तमान परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए जाएं और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की भूमिका की स्वतंत्र जांच कराई जाए।

### नई स्वतंत्र परीक्षा संस्था बनाने की मांग

याचिका में सबसे बड़ा मुद्दा एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर उठाया गया है। फैमा ने कहा है कि एजेंसी की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं, इसलिए या तो एनटीए को पूरी तरह हटाया जाए या फिर इसका पुनर्गठन कर नई स्वायत्त और तकनीकी रूप से मजबूत संस्था बनाई जाए। संगठन ने 'नेशनल एग्जामिनेशन इंटीग्रिटी कमीशन (एनईआईसी)' जैसी स्वतंत्र संस्था गठित करने का सुझाव दिया है। साथ ही मांग की गई है कि जब तक नई व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी एक हाई-पावर्ड कमेटी करे। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को सौंपने और इसमें साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ व फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है।

### कई वर्षों से विवादों में रही परीक्षा

याचिका में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में नीट परीक्षा लगातार विवादों में रही है। पेपर लीक, तकनीकी गड़बड़ियों, रिजल्ट में अनियमितताओं और सुरक्षा संबंधी कमजोरियों ने लाखों छात्रों और अभिभावकों का भरोसा प्रभावित किया है। फैमा का कहना है कि यदि परीक्षा प्रणाली पर संदेह बना रहता है तो मेधावी छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। संगठन ने मांग की है कि या तो नीट-यूजी 2026 की प्रक्रिया को दोबारा आयोजित किया जाए या फिर इसे न्यायिक निगरानी में कराया जाए, ताकि निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।

### आरोपी दिनेश बिंवाल भाजपा नेता, कांग्रेस का आरोप

**जयपुर, ईएमएस।** नीट पेपर लीक मामले में राजस्थान से हुई गिरफ्तारी ने एक नया मोड़ ले लिया है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने आरोपी दिनेश बिंवाल को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नेता बताया है। कांग्रेस ने बिंवाल की कई तस्वीरें और पोस्टर साझा किए हैं, जिसमें वह खुद को भाजपा नेता के रूप में पेश कर रहा है। इन पोस्टरों में से एक में बिंवाल स्पष्ट रूप से 'भाजयुमो जिला मंत्री, जयपुर देहात' लिखा गया है। राजस्थान भाजपा की ओर से अभी इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### सीबीटी मॉडल और डिजिटल सुरक्षा पर जोर

फैमा ने परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल की भी मांग की है। याचिका में डिजिटल लॉकिंग सिस्टम, एन्क्रिप्टेड पेपर ट्रांसमिशन, कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल और कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मॉडल अपनाने की सिफारिश की गई है। संगठन का मानना है कि इससे पेपर लीक और मानवीय हस्तक्षेप की संभावनाएं कम होंगी।

### सीबीआई टीम जांच करने एनटीए मुख्यालय पहुंची

इधर, नीट-यूजी पेपर लीक मामले की जांच भी तेजी से आगे बढ़ रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम सोमवार को दिल्ली स्थित एनटीए मुख्यालय पहुंची, जहां अधिकारियों से पूछताछ और दस्तावेजों की जांच की गई। सूत्रों के अनुसार, पांच सदस्यीय जांच टीम परीक्षा संचालन, प्रश्नपत्र सुरक्षा, वितरण प्रक्रिया और संभावित लापरवाही से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है।

### सेंटर-वाइज रिजल्ट सार्वजनिक करने की मांग

याचिका में यह भी मांग की गई है कि नीट-यूजी 2026 के सेंटर-वाइज रिजल्ट सार्वजनिक किए जाएं, ताकि किसी भी तरह की असामान्यता की पहचान आसानी से की जा सके। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि सीबीआई को चार सप्ताह के भीतर विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया जाए। मामले को लेकर छात्रों और अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। अब सबकी नजर सुप्रीम कोर्ट की आगामी सुनवाई पर टिकी है, जहां परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलावों को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सामने आ सकते हैं।

### हिरासत में अनेक संदेही

यूजी पेपर लीक मामले में अब तक कई राज्यों से गिरफ्तारियां और हिरासत में लेने की कार्रवाई हुई है। राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरियाणा और केरल समेत कई राज्यों में छापेमारी की गई।

## मुलायम सिंह के छोटे बेटे प्रतीक का निधन



**लखनऊ(ईएमएस)।** उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार और समाजवादी पार्टी के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का बुधवार तड़के निधन हो गया। 38 वर्षीय प्रतीक यादव भाजपा नेत्री और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति थे। इस दुखद समाचार से लखनऊ से लेकर सैफई तक शोक की लहर दौड़ गई है।पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, प्रतीक यादव पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार भोर में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सुबह लगभग छह बजे लखनऊ के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक या ब्रेन हेमरेज बताया जा रहा है।

## सीएम ने लाड़ली बहनों के खातों में ट्रांसफर किए 1835 करोड़ रु. से ज्यादा

**नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



**भोपाल/नरसिंहपुर, ईएमएस।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 मई को 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किश्त जारी की। नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में आयोजित कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रुपये की राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की। इसके अलावा उन्होंने 296 करोड़ रुपये के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने बच्चियों पर पुष्प वर्षा की। उन्होंने लाठी में करतब दिखा रहे बच्चे को गोद में लेकर दुलारा और खुद भी लाठी घुमाई। गौ-पूजन के बाद उन्होंने यहां लगाई गई कई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में नरसिंहपुर की धरोहरों को समेटने वाले कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया। उन्होंने टॉप करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और प्रशस्ति पत्र दिए। इस दौरान स्वागत और विकास कार्यों का जिक्र करने के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कहीं नरसिंहपुर को किसी की नजर न लग जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान नरसिंह के नाम पर बसा नरसिंहपुर जिला अद्भुत है। लाड़ली बहनों के माध्यम से भगवान ने रक्षाबंधन के साथ-साथ सभी त्योहार मनाने के लिए आज मुझे यहां भेजा है। कांग्रेसी कहते थे कि लाड़ली बहना योजना केवल चुनाव तक है, हम मानते हैं कि 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।'

# पीएम की अपील पर नेताओं की होड़

## पीएम ने खुद अपने काफिले को 50 फीसद किया कम

**पीएम मोदी की अपील पर केंद्र समेत राज्य सरकारों और नेताओं सहित अधिकारियों में वाहन सुविधा कटौती की होड़ मची हुई है। अनेक मंत्रियों और अधिकारियों ने तो ई-रिक्शा और मेट्रो का सफर कर आगे निकलने का संदेश दे दिया है।**



**नई दिल्ली, ईएमएस।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच दुनियाभर में कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित है, इसका असर भारत में भी दिखने लगा है। पीएम मोदी ने हाल में अपने संबोधन में ईंधन बचाने और एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की थी। अब पीएम मोदी ने अपने काफिले का आकार कम कर दिया है, जिसका उद्देश्य सरकार में अन्य अधिकारियों और मंत्रियों को प्रेरित करना है।

सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने अपनी सुरक्षा के लिए तैनात विशेष सुरक्षा दल को अपने काफिले में वाहनों की संख्या 50 फीसदी तक कम करने का निर्देश दिया है।


### हिमाचल गवर्नर ने किया हेलीकॉप्टर का त्याग

पीएम मोदी की ईंधन संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की अपील पर अमल करते हुए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने आधिकारिक काफिले को तत्काल प्रभाव से कम करने और सरकारी कार्यक्रमों के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग न करने की घोषणा की है।

### मंत्रियों-अधिकारियों के विदेश दौरे रद्द

महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने एक बड़ा फैसला लेकर राज्य के मंत्रियों और उच्च-रैंकिंग वाले सरकारी अधिकारियों के सभी पूर्वनिर्धारित विदेश दौरों को तत्काल प्रभाव से रद्द किया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य सरकारी खर्च में कटौती करना और देशव्यापी ईंधन-बचत अभियान को बढ़ावा देना है।

## बीजिंग पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



**बीजिंग, ईएमएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की अत्यंत महत्वपूर्ण और पहली आधिकारिक यात्रा पर आज शाम चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच रहे हैं। वर्ष 2017 के बाद यह ट्रंप का पहला चीन दौरा है, जो एक ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था गहरे संकट के दौर से गुजर रही है। दो दिनों तक चलने वाली इस शिखर वार्ता में ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच आमने-सामने की मुलाकात होगी, जिस पर पूरी दुनिया की निगाहें जमी हुई हैं। इससे पहले दोनों दिग्गज नेताओं ने अक्टूबर 2025 में दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात की थी, लेकिन बीजिंग की यह बैठक रणनीतिक लिहाज से कहीं अधिक व्यापक मानी जा रही है।

## सीबीआई डायरेक्टर चयन पर राहुल गांधी की असहमति..

**बोले- विपक्ष का नेता 'रबर स्टैंप' नहीं, चयन प्रक्रिया को बताया पक्षपातपूर्ण**



**नई दिल्ली, ईएमएस।** प्रधानमंत्री आवास पर मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नए सीबीआई डायरेक्टर के चयन को लेकर अपनी असहमति जताई है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया को महज औपचारिकता बनाकर रख दिया गया है और विपक्ष की भूमिका को नजरअंदाज किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और राहुल गांधी शामिल हुए। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। बैठक के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पत्र साझा करते हुए चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर के चयन के लिए सरकार की ओर से 69 उम्मीदवारों की सूची दी गई, लेकिन उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि उम्मीदवारों की सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट और 360-डिग्री मूल्यांकन रिपोर्ट देने से साफ इनकार कर दिया गया।

## मणिपुर में चर्च नेताओं की हत्या

**राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, हिंसा, तनाव बढ़ा**

**इंफाल, ईएमएस।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन (टीबीए) के तीन चर्च नेताओं की अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा गोली मारकर हत्या की गई, जिससे पूरे इलाके में गहरा तनाव और दहशत फैल गई है। इस बर्बर हमले में पांच अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है।

मृतकों की पहचान मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन (एमबीसी) के पूर्व महासचिव रेव. वी. सितल्होउ, रेव. वी. कैगौलुन और पास्टर पाओगौलेन के रूप में हुई है। घायल हुए लोगों में रेव. एसएम हाओपु, रेव. हेकाई सिमटे, रेव. पाओथांग और दो ड्राइवर लेलें व गौमांग शामिल हैं। ये सभी चुराचांदपुर जिले के लमका में आयोजित टीबीए सम्मेलन से दो वाहनों में कांगपोकपी लौट रहे थे, तभी कोतजिम और कोतलेन इलाकों के बीच उन पर अचानक फायरिंग की गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय ने जीता विश्वास मत**

## बहुमत से 36 ज्यादा मिले मत



**चेन्नई, ईएमएस।** तमिलनाडु की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को राज्य विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया है। हालिया चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' (टीवीके) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने सदन के पटल पर अपनी मजबूती साबित कर दी। 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 118 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता थी, जिसके मुकाबले विजय सरकार के पक्ष में 144 वोट पड़े। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री विजय ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिसे कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई , वीसीके और आईयूएमएल जैसे प्रमुख गठबंधन सहयोगियों का औपचारिक समर्थन प्राप्त हुआ हालांकि, सदन में सबसे बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके के भीतर मची कलह खुलकर सामने आ गई।

### हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने 13 मई को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें टीवीके विधायक आर. श्रीनिवास सेतुपति को तमिलनाडु विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में वोट डालने से रोका गया था। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को 'अत्याचारपूर्ण' करार देते हुए कहा कि वह इस तरह किसी विधायक के वोटिंग अधिकार पर रोक नहीं लगा सकता।

**पत्र से हुआ खुलासा- संचालित दोनों क्रूज बोट के इंजन 19 से 20 साल पुराने**


# बरगी क्रूज हादसाः क्षेत्रीय प्रबंधक की लापरवाही ने लीं 13 लोगों की जानें

● जबलपुर, ईएमएस

बरगी डैम में हुए हालिया क्रूज हादसे ने पर्यटन विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब एक आधिकारिक पत्र सामने आने के बाद यह स्पष्ट होता दिख रहा है कि हादसे से पहले ही तकनीकी खामियों को लेकर विभाग को आगाह किया जा चुका था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के मेकल रिसोर्ट प्रबंधन द्वारा 1 मार्च 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय को भेजे गए पत्र में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि यूनिट में संचालित दोनों क्रूज बोट के इंजन वर्ष 2006 और 2007 के हैं। यानी ये इंजन लगभग 19 से 20 वर्ष पुराने हो चुके हैं और लगातार तकनीकी खराबियों का सामना कर रहे हैं। पत्र में कहा गया था कि कई बार मरम्मत कराने के बावजूद इंजन बार-बार खराब हो रहे हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद क्रूज संचालन जारी रखा गया।





- आधिकारिक पत्र ने खोली विभागीय लापरवाही की पोल
- वर्षों पुराने और खराब इंजनों के सहारे चला क्रूज
- तकनीकी खामियों के बावजूद लगातार चलाया
- 1 मार्च 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय को भेजा गया था चेतावनी पत्र

### बार-बार बंद हो रहे थे इंजन

पत्र के अनुसार 14 जनवरी 2025 को एक राज्य स्तरीय दौरे के दौरान दोनों इंजन अचानक बंद हो गए थे। बाद में हैदराबाद से मैकेनिक बुलाकर अस्थायी रूप से उन्हें चालू कराया गया। स्थिति यह थी कि पुराने हो चुके इंजनों के स्पेयर पार्ट्स भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। कई बार ूज को किनारे लगाने और संचालन के दौरान स्टॉप बोट की मदद लेनी पड़ती थी। एक इंजन अक्सर स्टार्ट नहीं होता था, जिससे बीच नदी में सेवा बाधित होने की स्थिति बन जाती थी।

### हादसे के बाद उठे गंभीर सवाल

बरगी डैम में हुए हादसे के बाद सुरक्षा मानकों और पर्यटन विभाग की जवाबदेही को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। अब यह पत्र सामने आने के बाद साफ हो गया है कि तकनीकी खामियों और संभावित खतरे की जानकारी विभागीय अधिकारियों को पहले से थी, लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

### इंजनों को बदलने की मांग भी की गई थी

मेकल रिसोर्ट प्रबंधन ने पत्र में दोनों इंजनों को तत्काल बदलने की आवश्यकता जताई थी, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके और पर्यटन सीजन में सुरक्षित संचालन सुनिश्चित हो सके। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते आखिरकार बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 13 लोगों की जान चली गई।

## संपादकीय

# भारतीय अर्थ व्यवस्था का महासंकट

भारतीय अर्थ व्यवस्था को लेकर सरकार लगातार तेज विकास, बढ़ते बुनियादी ढांचे और विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा करती रही है। अब इस दावे की पोल खुलती चली जा रही है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरुण कुमार ने भारत की अर्थव्यवस्था में आने वाले महा संकट का संकेत किया है, उन्होंने सरकार के चमकदार दावों के पीछे छिपी सच्चाई को उजागर किया है। उनका मानना है, भारत की अर्थव्यवस्था दो हिस्सों में बंट चुकी है। एक संगठित क्षेत्र, जो कॉरपोरेट और शेयर बाजार की वृद्धि को अर्थव्यवस्था में दिखाता है, दूसरा असंगठित क्षेत्र, जहां देश की लगभग 94 प्रतिशत कार्यशक्ति काम करती है, जो लगातार संकट में है। उसकी वास्तविकता सरकार उजागर नहीं करती है।

प्रो. अरुण कुमार के अनुसार सबसे बड़ा संकट 'मांग मे कमी' आने का है। जब आम लोगों की आय घटती है, रोजगार कम होता है, उस समय सबसे पहले ग्रामीण अर्थव्यवस्था और असंगठित क्षेत्र कमजोर होता है। बाजार में मांग घटती है। इसका सीधा असर उद्योगों के उत्पादन, कारोबार और निवेश पर पड़ता है। यही कारण है कि ऊंची जीडीपी वृद्धि के बावजूद देश मे रोजगार का सृजन नहीं हो रहा। उल्टे नौकरियां जा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत में बढ़ती बेरोजगारी और असमानता को लेकर कई वर्षों से चिंता जताई जा रही है। अर्थशास्त्री नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना महामारी के बाद असंगठित क्षेत्र को जो नुकसान हुआ है उसके बारे में कई बार अपनी चिंता पिछले वर्षों में व्यक्त कर चुके हैं। सरकार ने इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया।

छोटे व्यापारी, कुटीर उद्योग, किसान और दिहाड़ी मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। प्रो. अरुण कुमार का दावा है, सरकारी आंकड़े इस वास्तविक स्थिति को छुपाने का काम करते हैं। आंकड़ों को बदल देते हैं। सही मायने में कहा जाए तो सरकार आंख बंद करके जीडीपी और अर्थव्यवस्था को बेहतर बताकर अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है। सरकार ने जीडीपी मापन की वर्तमान प्रणाली में असंगठित क्षेत्र की गिरावट को सही ढंग से वास्तविक स्थिति को शामिल नहीं किया है। जिसके कारण देश की आर्थिक स्थिति कागजों में कुछ और है, और वास्तविक स्थिति कुछ और है। वर्तमान स्थिति यह है, शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर है। बेरोजगारी लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। अर्थव्यवस्था में जो बदलाव आए हैं उसके कारण भारत सहित वैश्विक स्तर पर लोगों की नौकरियां जा रही हैं। भारत के लगभग 80 करोड लोग मुफ्त राशन पर निर्भर हैं। भारत की अर्थव्यवस्था वास्तव में मजबूत होती, तो रोजगार और लोगों की आय में यह परिवर्तन दिखाई देता। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की जो मांग पहले बढ़ रही थी, अब तेजी के साथ घट रही है। महंगाई और आय नहीं होने से मांग में निरंतर कमी आ रही है। युवाओं में बेरोजगारी और कृषि संकट भारत के तथाकथित विकास मॉडल और अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहे हैं। अरुण कुमार सहित कई अर्थशास्त्रियों ने लगातार चिंता व्यक्त की है। मांग आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं किया गया, तो भारत 'स्टैगफ्लेशन' जैसी स्थिति में फंस सकता है। इस स्थिति में विकास धीमा होता है, महंगाई लगातार बढ़ती है। जिसके कारण आम आदमी का जीवन दूभर होता है। इस संकट का समाधान बड़े एक्सप्रेस-वे, कॉरिडोर और पूंजी-प्रधान परियोजनाओं से पूरा नहीं हो सकता है। आवश्यकता है, सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, छोटे उद्योग और रोजगार सृजन पर अधिक से अधिक निवेश करे। असंगठित एवं ग्रामीण क्षेत्र की आय बढ़ाने, असंगठित क्षेत्र को ऋण राहत देने तथा श्रम-प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देना इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जब तक आम नागरिकों की क्रय शक्ति नहीं बढ़ेगी। तब तक आर्थिक विकास केवल कागजी उपलब्धि बनी रहेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था एक निर्णायक मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है। यदि नीति-निर्माताओं और सरकार ने आंकड़ों में हेरा-फेरी करके वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज किया, तो आने वाला संकट और गहरा हो सकता है। अरुण कुमार की चेतावनी सरकार की आलोचना नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में आर्थिक असंतुलन जिस तेजी के साथ बढ़ रहा है। समय रहते सरकार को समझना होगा। सरकार ने यदि अपनी आर्थिक नीतियों में जल्द ही परिवर्तन नहीं किया तो इसके दुष्परिणाम बहुत भयानक हो सकते हैं। अमेरिका में जो 2008 में मंदी आई थी उससे भी ज्यादा खतरनाक स्थिति भारत की हो सकती है।

सनत जैन

## राज काज

### चुनाव खत्म होते ही सरकार को तेल संकट की याद ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त थे। पिछले 3 महीने से चुनाव और खाड़ी युद्ध साथ-साथ चल रहा था। ऐसी स्थिति में सरकार चुनाव में व्यस्त थी। जैसे ही चुनाव परिणाम आए। उसके बाद सरकार की प्राथमिकता कच्चे तेल रसोई गैस और खाद के संकट को दूर करने में लग गई है। सरकार ने इसे प्राथमिकता में लिया है। सरकार को एक कठिनाई विदेशी मुद्रा भंडार की जरूर आ रही है।सरकार इसके लिए भी जल्द कोई इंतजाम कर लेगी। बाकी सब चंगा है, सरकार फिक्र कर रही है।जनता को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

### प्रधानमंत्री की अपील पर जन प्रतिक्रिया

प्रधानमंत्री मोदी ने आम जनता से अपील की है। वह किफायत के साथ पेट्रोल डीजल और गैस का उपयोग करे।भारत के पास खाड़ी देशों की तरह बड़े-बड़े तेल के कुएं नहीं हैं। कच्चा तेल खरीदने के लिए भी विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। प्रधानमंत्री ने 1 साल सोना नहीं खरीदने का आग्रह भारत की जनता से किया है। सोने की खरीदी में भारत को बहुत ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है।सही बात है, सोना खाने की चीज नही है। संकट से निपटने के लिए यदि 1 साल नहीं खरीदेंगे, तो कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। आम जनता को प्रधानमंत्री मोदी की समझाइस को मानना ही पड़ेगा। इसके अलावा जनता के पास कोई विकल्प भी नहीं है। सरकार ने जब कोरोना महामारी से निप्टा लिया है। तो इस संकट से भी सरकार निपट ही लेगी। यह भरोसा तो रखना ही पड़ेगा।

### अज़ारी और बीमारी में पैसा खर्च करना ही बुद्धिमानी

जब तक चुनाव चल रहे थे। सरकार कह रही थी, तेल गैस का कोई संकट नहीं है। जैसे ही चुनाव खत्म हुए। सरकार के सामने तेल संकट आ गया है।जब संकट आ ही गया है, तो मुकाबला करने के लिए महंगी गैस, महंगा पेट्रोल डीजल खाद खरीदना पड़े। तो संकट के समय इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। बीमार की जान बच जाएगी। संकट के समय जमा पैसा काम आ जाएगा। इसी समय के लिए पैसा बचाकर रखा जाता है। सरकार ने संकट बता दिया है।संकट का मुकाबला आम जनता को करना है।

### सरकार के उपदेश पर विपक्ष हमलावर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों को पेट्रोल डीजल गैस में किफायत बरतने और 1 साल तक सोना नही खरीदने की अपील की है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री की अपील को पर उपदेश कुशल बहुतेरे बताते हुए सरकार पर हमला कर दिया है। विपक्ष का कहना है, सरकार की गलत नीतियों और चुनाव खत्म होते ही आम जनता को उपदेश देने के लिए बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। सबसे ज्यादा पेट्रोल, डीजल, और पैसे का दुरुपयोग प्रधानमंत्री और भाजपा की चुनावी रैलियां और रोजाना हो रहे इवेंट में उनकी पार्टी कर रही है।

# गाली जब स्वैग बन जाए, तो समझिए समाज हो चला है अभद्र



दिलीप कुमार पाठक

## राष्ट्रीय शालीनता दिवस पर विशेष




आज 14 मई है। कैलेंडर कहता है कि आज राष्ट्रीय शालीनता दिवस है। सुनने में थोड़ा अजीब लग सकता है कि क्या अब शालीन रहने के लिए भी कोई खास दिन तय करना पड़ेगा? लेकिन अपने आसपास की डिजिटल दुनिया, सोशल मीडिया के कमेंट बॉक्स और टीवी बहसों नेताओं के भाषण या आसपास के शोर को देखिए, तो अहसास होगा कि शायद आज के दौर में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। हम तरक्की तो बहुत कर रहे हैं, चांद पर पहुंच रहे हैं, लेकिन हमारी जुबान और व्यवहार से तमीज का रंग उतरता जा रहा है। खासकर इंटरनेट की दुनिया में तो ऐसा लगता है जैसे बदतमीजी करना ही नया फैशन या कूल दिखने का जरिया बन गया है। हमारे बुजुर्ग कहते थे कि इंसान की असली पहचान उसके कपड़ों या उसकी दौलत से नहीं, बल्कि उसकी बोली से होती है। शब्द इंसान के भीतर के संस्कारों का आईना होते हैं। लेकिन आज की हकीकत कुछ और ही है।

फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने हमें एक नकाब दे दिया है। मोबाइल स्क्रीन के पीछे छिपे हम लोग खुद को बहुत बड़ा सूरमा समझने लगे हैं। हम वो बातें बड़ी आसानी से लिख देते हैं, जो शायद किसी के सामने खड़े होकर कहने की हिम्मत न हो। अगर किसी की बात हमें पसंद नहीं आती, तो हम उसे अपनी बात तर्क से समझाने के बजाय सीधा गाली-गलौज पर उतर आते हैं। उसे नीचा दिखाने के लिए उसके परिवार को बीच में ले आते हैं या उसे कोई नफरत भरा टैग दे देते हैं। यह जो ट्रोल कल्चर बढ़ रहा है, उसने हमारे समाज से संवाद की मिठास को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि अब अपशब्द बोलना एक तरह की बहादुरी मान लिया गया है। इसमें बहुत बड़ा हाथ हमारी आज की लोकप्रिय संस्कृति का भी है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आने वाली वेब सीरीज हो या स्टैंड-अप कॉमेडी, वहां गालियों को संवाद का जरूरी हिस्सा बना दिया गया है। जब बड़े पर्दे पर या मोबाइल स्क्रीन पर नामी सितारे गाली देते हैं, तो हमारे घर के बच्चों को लगता है कि शायद यही आज की आधुनिक भाषा है। उन्हें लगता है कि तमीज और अदब से बात करना तो पुराने जमाने के लोगों का काम है। नतीजा यह है कि आज का युवा वर्ग अपनी बात में वजन पैदा करने के लिए तर्कों का नहीं, बल्कि अभद्र शब्दों का सहारा ले रहा है।

उन्हें लगता है कि जो जितना तीखा और गंदा बोलेगा, वह उतना ही प्रभावशाली दिखेगा। सिर्फ सोशल मीडिया ही क्यों, हमारी टीवी बहसों को देख लीजिए। वहां जो प्रवक्ता जितनी जोर से चिल्लाता है और दूसरे को बोलने से रोकता है, उसे ही दमदार मान लिया जाता है। हमने एक ऐसी धारणा बना ली है कि जो विनम्र है, वो कमजोर है और जो बदतमीज है, वो ताकतवर। जबकि सच तो यह है कि चिल्लाने के लिए सिर्फ फेफड़ों का शोर चाहिए, लेकिन शांत रहकर अपनी बात मजबूती और गरिमा के साथ कहने के लिए बहुत बड़े आत्म-नियंत्रण की जरूरत होती है। शालीनता का मतलब डरना या चुप रहना कतई नहीं है। हमारे देश के बड़े-बड़े महापुरुषों ने दुनिया बदल दी, सत्ता की चूलें हिला दीं, लेकिन उनकी भाषा में कभी गन्दगी नहीं दिखी। गांधी जी, नेहरू जी, शास्त्री जी या कलाम साहब जैसे लोगों की बातों में वजन था, कड़वाहट नहीं। उनके विरोध में भी एक शालीनता थी, जो सामने वाले को सोचने पर मजबूर कर देती थी। आज हम इंटरनेट के जरिए पूरी दुनिया से जुड़ तो गए हैं, लेकिन एक-दूसरे के दिलों के लिए जगह खोते जा रहे हैं। कीबोर्ड पर टाइप करती हमारी उंगलियां अक्सर यह भूल जाती हैं कि फोन के दूसरी तरफ भी एक जीता-जागता इंसान बैठा है, उसके भी जज्बात हैं। हमारी एक छोटी सी अभद्र टिप्पणी किसी को कितना मानसिक दुख पहुँचा सकती है, इसका हमें अहसास तक नहीं होता। अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब यह नहीं है कि हम अपनी मर्यादा ही भूल जाएं। आज़ादी हमेशा जिम्मेदारी के साथ आती है, और एक नागरिक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी भाषा की गरिमा बनाए रखें। वक्त आ गया है कि हम अपनी मोबाइल स्क्रीन से बाहर निकलकर अपनी आदतों पर गौर करें। यह दिन हमें याद दिलाए कि हम इंसान हैं और हमारी सबसे बड़ी खूबसूरती हमारी भाषा की तमीज है। अगर हम अपनी भाषा और व्यवहार में शालीनता वापस नहीं ला सकते, तो हमारी सारी पढ़ाई-लिखाई, डिग्रियां और आधुनिक गैजेट्स किसी काम के नहीं हैं। शालीनता कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे बाजार से खरीदा जा सके, यह एक संस्कार है जो घर की दहलीज से शुरू होता है और हमारे व्यवहार में झलकता है। आइए, इस डिजिटल शोर के बीच थोड़ी सी खामोशी, थोड़ी तमीज और बहुत सारी इंसानियत वापस लाएं।

## सुविचार

सज्जन पुरुष बादलों के समान देने के लिए ही कोई वस्तु ग्रहण करते हैं।

-कालिदास

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है पर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।

-तुलसीदास

## प्रसंगत

### आम आदमी

एक बार प्रसिद्ध विद्वान हजरत अबू बकर सिद्दिकी को मदीना का वजीर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद प्रश्न उठा कि इतने बड़े विद्वान की तनख्वाह कितनी हो। वहां के बादशाह भी कोई निर्णय नहीं ले सके। काफी देर माथापच्ची करने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि उनसे पूछ कर ही उनका वेतन तय किया जाए। बादशाह स्वयं उनके पास गए और उनके सामने अपनी समस्या रखी। अबू बकर ने कहा, 'जहांपनाह, यह तो कोई समस्या है नहीं। मैं कोई जनता से अलग तो हूं नहीं। बताइए, मदीना का एक औसत मजदूर महीने में कितना कमा लेता है?' बादशाह ने कहा, 'तकरीबन एक दीनार तो कमा ही लेता है।' अबू बकर ने कहा, 'ठीक है। मेरी तनख्वाह एक दीनार रखी जाए।' बादशाह हैरत में पड़ गए। बोले, 'क्या कहा आपने एक दीनार! इससे ज्यादा तो मेरा नौकर कमाता है। आपकी बराबरी एक नौकर से नहीं हो सकती।' अबू बकर ने कहा, 'आप मेरी बात नहीं समझ रहे हैं। आपने मुझे मुल्क का वजीर इसलिए बनाया है कि मैं यहां की गरीब जनता के हित में काम करूं। देश को तरक्की पर ले जाऊं। लेकिन जब मुझे यहां के आवाम के दर्द का पता ही नहीं चलेगा तो मैं कैसे उनके हित की बात सोचूंगा।

# नीट पेपर लीक: शिक्षा व्यवस्था पर कलंक, टूटते सपने और व्यवस्था की भयावह विफलता

कांतिलाल मांडोत

भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल एक परीक्षा नहीं होतीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के भविष्य, परिवारों की उम्मीदों और वर्षों की मेहनत का परिणाम होती हैं। मेडिकल जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में प्रवेश पाने के लिए छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं। कई छात्र गांवों की कठिन परिस्थितियों से निकलकर, आर्थिक अभाव झेलकर और मानसिक दबाव सहकर परीक्षा की तैयारी करते हैं। ऐसे में जब नीटजैसी राष्ट्रीय परीक्षा में पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और करोड़ों की डील का खुलासा होता है, तो यह केवल एक परीक्षा घोटाला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बन जाता है।

भारत पहले भी कई बड़े पेपर लीक घोटाले देख चुका है। उत्तर प्रदेश शिक्षक भर्ती परीक्षा, रेलवे भर्ती परीक्षा, राजस्थान शिक्षक भर्ती, मध्यप्रदेश व्यापमं घोटाला और 2024 के नीट विवाद ने पहले ही युवाओं का भरोसा कमजोर कर दिया था। 2024 में बिहार और झारखंड में पेपर लीक के आरोप सामने आए थे। कई गिरफ्तारियां हुईं, लेकिन तब भी पूरी परीक्षा रद्द नहीं हुई। छात्रों के मन में यह सवाल रह गया कि क्या मेहनत का कोई मूल्य बचा है? अब 2026 में फिर वही कहानी सामने आई है, लेकिन इस बार मामला और भी गंभीर दिखाई देता है।

नीट 2026 परीक्षा रद्द होने के पीछे बिहार और राजस्थान से सामने आए खुलासों ने पूरे देश को झकझोर दिया। बिहार के नालंदा में पुलिस ने जिस सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ किया, उसने यह साबित कर दिया कि परीक्षा माफिया कितनी गहराई तक अपनी जड़ें जमा चुका है। 50 से 60 लाख रुपये में एक सीट की डील होना केवल अपराध नहीं, बल्कि शिक्षा के व्यवसायीकरण का भयावह चेहरा है। यह गिरोह असली अभ्यर्थियों की जगह सॉल्वर बैठाने की तैयारी कर रहा था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इसका मास्टरमाइंड एक मेडिकल कॉलेज का छात्र निकला। जिस युवा को भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की जान बचानी थी, वही शिक्षा व्यवस्था को संक्रमित करने में लगा था। राजस्थान में सामने आए 'हाथ से लिखे गेस पेपर' ने इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया। जांच में पता चला कि परीक्षा से पहले छात्रों तक ऐसे प्रश्न पहुंच चुके थे, जिनमें से बड़ी संख्या असली परीक्षा में आई। यदि यह केवल संयोग माना जाए, तब भी इतने बड़े स्तर पर सवालों का मिलान होना सामान्य नहीं कहा जा सकता। इससे यह आशंका और मजबूत हो जाती है कि परीक्षा प्रणाली के भीतर कहीं न कहीं गंभीर सेंध लगी है।

सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों छात्रों का हुआ है जिन्होंने ईमानदारी से तैयारी की थी। करोड़ों परिवारों ने अपने बच्चों को कोचिंग दिलाने के लिए जमीन बेची, कर्ज लिया और अपनी जरूरतों को त्याग दिया। कई छात्र दिन में 12-14 घंटे पढ़ाई करते हैं। वे सामाजिक जीवन छोड़ देते हैं, मनोरंजन छोड़ देते हैं और केवल एक लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं। लेकिन जब परीक्षा रद्द होती है, तो उनकी महीनों की मेहनत और मानसिक संतुलन दोनों पर गहरा आघात पड़ता है। एक छात्र की मानसिक स्थिति को समझना बेहद जरूरी है।

## जरा हटके

### मंगल की यात्रा का समय आधा कर सकती है नई खोज

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** ब्राजील की स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्दर्न रियो डी जेनेरियो के कॉस्मोलॉजिस्ट मार्सेलो डी ओलिवेरा सूजा ने रिसर्च के दौरान गलती से एक ऐसा संभावित रास्ता खोज निकाला, जो भविष्य में मंगल की यात्रा का समय आधा कर सकता है। ताजा अध्ययन के अनुसार, आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष यात्री एक साल से भी कम समय में मंगल ग्रह तक जाकर वापस पृथ्वी पर लौट सकते हैं। यह खोज इसलिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि अभी तक मंगल मिशन की कुल अवधि लगभग तीन साल मानी जाती रही है। यदि यह नई तकनीक सफल होती है, तो यह अंतरिक्ष विज्ञान में बड़ा बदलाव ला सकती है। दरअसल, इस खोज की शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी, जब मार्सेलो डी ओलिवेरा सूजा पृथ्वी के नजदीक आने वाले एस्टेरॉयड्स पर अध्ययन कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने '2001 सीए21' नामक एक एस्टेरॉयड के शुरुआती आंकड़ों का विश्लेषण किया। शुरुआती डेटा में यह एस्टेरॉयड पृथ्वी और मंगल दोनों की कक्षाओं को पार करता दिखाई दिया। हालांकि बाद में अधिक सटीक जानकारी मिलने पर इसका वास्तविक रास्ता अलग निकला, लेकिन शुरुआती अनुमान ने वैज्ञानिक को एक नया विचार दे दिया। सूजा ने महसूस किया कि यदि कोई स्पेसक्राफ्ट उसी तरह की ज्योमेट्री और ऑर्बिटल पथ का इस्तेमाल करे, तो मंगल तक बेहद कम समय में पहुंचा जा सकता है। उनकी गणनाओं के अनुसार, अक्टूबर 2020 जैसे विशेष ग्रहों के अलाइनमेंट के दौरान पृथ्वी से मंगल तक का सफर केवल 34 दिनों में पूरा किया जा सकता था। हालांकि इस योजना के सामने बड़ी तकनीकी चुनौतियां भी हैं। इतनी तेज यात्रा के लिए स्पेसक्राफ्ट को लगभग 32.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से उड़ना होगा, जो मौजूदा रॉकेट तकनीक की क्षमता से काफी आगे है। इसके अलावा इतनी रफ्तार से मंगल की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग करना भी अभी संभव नहीं माना जाता। इसके बावजूद इस रिसर्च ने वैज्ञानिकों को यह विश्वास दिलाया है कि मंगल तक पहुंचने के लिए छोटे और तेज रास्ते वास्तव में मौजूद हो सकते हैं। वैज्ञानिकों ने 2027, 2029 और 2031 में पृथ्वी और मंगल के संभावित अलाइनमेंट का भी अध्ययन किया। इनमें 2031 को सबसे उपयुक्त समय माना गया है। स्टडी के मुताबिक, यदि उस समय उपलब्ध तकनीक का सही इस्तेमाल किया जाए तो मंगल की पूरी राउंडट्रिप केवल 153 दिनों यानी लगभग पांच महीनों में पूरी हो सकती है। योजना के अनुसार, स्पेसक्राफ्ट 20 अप्रैल 2031 को पृथ्वी से रवाना होकर 23 मई को मंगल पहुंचेगा। वहां लगभग 30 दिन बिताने के बाद 22 जून को वापसी शुरू होगी और 20 सितंबर तक यान पृथ्वी पर लौट आएगा।

## फोटो ऑफ द डे



केन्स में फ्रांस की अभिनेत्री बेल रेट कान्स फिल्म समारोह के उद्घाटन समारोह में रेड कारपेट पर नजर आयीं। -फोटो-ईएमएस।

## व्यंग

### सिट-डाऊन से आगे...

प्रो. नव संगीत सिंह

मैं छोटा था, स्कूल में पढ़ने वाला एक बच्चा। पीटी मास्टर हमें सुबह की एक्सरसाइज़ में सिट-डाऊन स्टैंड-अप करवाते, तो हमें बड़ा अच्छा लगता। हम क्लास में होते, कोई टीचर क्लास में आता तो हम सब बच्चे खड़े हो जाते। टीचर हमें सिट-डाऊन कहते, और हम बैठ जाते थे। जब हम कुछ बड़े हुए, तो रिकॉर्ड पर एक पंजाबी गीत सुनते थे, 'नैण प्रीतो दे, बह जा बह जा करदे . . .' हम लड़के इस गीत को बड़ी मस्ती में ऐसे गाते थे, 'नैण प्रीतो दे 'सिट-डाऊन सिट-डाऊन' करदे . . . ' जब मैं थोड़ा बड़ा हुआ, मैंने विश्वविद्यालय में एक कैलिग्राफिस्ट के रूप में काम करना शुरू कर दिया। वहाँ अपनी माँगों को लेकर कर्मचारी पेन-डाऊन हड़ताल पर चले गए। इसका मतलब यह नहीं था कि क़लम नीचे रख दी। यह बैठने जैसा कुछ नहीं था। हम ऑफ़िस जाते थे, लेकिन कोई काम नहीं करते थे। यह पेन-डाऊन था।

मैं सेवानिवृत हो गया। देश विकास के मुहाने पर था। लेकिन अचानक लॉक-डाऊन लग गया। ये नया शब्द सिट-डाऊन और पेन-डाऊन से अलग था। इसका मतलब यह नहीं है कि आपको लॉक (ताले) को नीचे रखना होता है। इसका मतलब घर पर रहना था। मैं पिछले एक साल से लॉक-डाऊन की स्थिति में हूँ। यह लॉक-डाऊन कभी-कभी खत्म भी हो जाता है। लेकिन ये शब्द अब सरकार के पास है। वह कभी भी लॉक-डाऊन लगा सकती है।

यानी जैसे-जैसे मैंने अपने जीवन के चरण निर्धारित किए—बचपन, युवावस्था और फिर बुढ़ापा; किसी तरह मैंने 'डाऊन' को एक नए रूप में देखा। आज का बच्चा बचपन में लॉक-डाऊन देख रहा है। उन्हें सिट-डाऊन और पेन-डाऊन का पता ही नहीं है। आज का बच्चा पीछे से आगे की ओर बढ़ रहा है, यानी पहले लॉक-डाऊन, फिर पेन-डाऊन और अंत में सिट-डाऊन। उनके जीवन में पेन-डाऊन आए या न आए, सिट-डाऊन तो आ ही जाएगा। बुढ़ापे में जब एक भी क़दम नहीं चला जाएगा, तो स्वतः सिट-डाऊन हो जाएगा। पंजाबी के प्रसिद्ध सूफ़ी शायर बाबा फरीद के अनुसार:

फरीदा इनी निकी जंघिए थल डूगर भविओम।
अज फरीदे कूजड़ा सै कोहां थी ओम।

(यानी, फरीद जी कहते हैं कि मैंने युवावस्था में अपनी छोटी-छोटी टाँगों से धरती और पहाड़ों का बेहिसाब सफ़र किया है, लेकिन अब मेरे बिल्कुल सामने पड़ा कूजा मुझ से बहुत दूर लग रहा है)

## चिंतन-मनन

### संत का धन

उन दिनों विजय नगर में संत पुरंदर की ख्याति बढ़ती ही जा रही थी। हर प्रकार के मोह-माया से मुक्त त्यागमूर्ति पुरंदर अपनी पत्नी के साथ नगर से बाहर एक कुटिया में रहते थे और भिक्षा मांग कर गुजारा करते थे। उनके नाम की चर्चा उड़ते-उड़ते राजा कृष्णदेव राय तक भी पहुंची। उन्हें लगा कि उन्हें संत के लिए कुछ करना चाहिए। एक दिन उन्होंने तेनालीराम से कहा- जाओ संत पुरंदर से कहो कि वे भिक्षा के लिए दर-दर न भटकें और केवल राजमहल से भिक्षा लिया करें। राजा ने इसी बहाने उनकी दरिदता दूर करने का उपय सोच लिया था। अब संत रोज राजमहल आने लगे। उन्हें भिक्षा में अनाज के साथ छोटे-मोटे कीमती पत्थर भी दिए जाते थे। राजा को लगता था कि संत के पास जल्दी ही अच्छी-खासी संपत्ति जमा हो जाएगी। पर मन में सवाल भी उठता था कि आखिर ये कैसे संत हैं जो ये कीमती रत्न स्वीकार कर रहे हैं। कहीं ये संत होने का ढोंग तो नहीं कर रहे। एक दिन राजा और तेनालीराम भेस बदलकर संत की कुटिया में पहुंचे। राज को देखकर हैरत हुई कि संत की कुटिया में कोई बदलाव नहीं आया था। उनकी पत्नी चावल बीनते हुए बुदबुदा रही थीं कि पता नहीं कहां से कंकड़-पत्थर आ जाते हैं। राजा ने चावल हाथ में लेकर कहा-पर ये तो हीरे-मोती हैं। इनसे आपकी दरिदता दूर हो सकती थी। संत की पत्नी ने कहा-हमारे लिए तो ये कंकड़-पत्थर ही हैं। धन और विनम्रता ही हमारा धन है।

## स्वास्थ्य

### जुड़वा बहनों के पिता अलग-अलग, डीएनए जांच में हुआ खुलासा

**लंदन,(ईएमएस)।** ब्रिटेन में सामने आए एक दुर्लभ और चौंकाने वाले मामले ने दुनिया को हैरानी में डाल दिया है। यहां 49 साल की जुड़वा बहनों को डीएनए जांच के बाद पता चला कि उनके बायोलॉजिकल पिता अलग-अलग हैं। एक ही मां की कोख से जन्म लेने वाली इन बहनों की कहानी अब दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह घटना बेहद दुर्लभ है और मेडिकल साइंस के इतिहास में ऐसे मामले बहुत कम दर्ज किए गए हैं। मिशेल ऑस्बॉर्न और लवीनिया ऑस्बॉर्न नाम की इन जुड़वा बहनों को लंबे समय से अपने परिवार को लेकर कुछ शक था। मिशेल को हमेशा महसूस होता था कि उनकी शक्ल उस व्यक्ति से मेल नहीं खाती, जिसे वह अपना पिता मानती थीं। इसी शक को दूर करने के लिए उन्होंने घर पर इस्तेमाल होने वाली डीएनए जांच किट मंगाई। रिपोर्ट सामने आने के बाद उन्हें पता चला कि जेम्स नाम का व्यक्ति उनके असली पिता नहीं हैं। इस खुलासे ने मिशेल को पूरी तरह हैरान कर दिया।

इसके बाद लवीनिया ने भी अपनी सच्चाई जानने के लिए डीएनए टेस्ट कराया। जांच के नतीजों ने और बड़ा रहस्य उजागर कर दिया। रिपोर्ट में सामने आया कि दोनों बहनों के पिता अलग-अलग हैं। यह जानकर परिवार के लोग भी हैरान रह गए। मेडिकल विशेषज्ञों के मुताबिक इस दुर्लभ प्रक्रिया को 'हेटेरोपैटरनल सुपरफेकंडेशन' कहा जाता है।

### इंदौर में गरजा नगर निगम का बुलडोजर

# टीपीएस-4 क्षेत्र में 20 अवैध कब्जे ध्वस्त

## अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई में तैनात रहा भारी पुलिस बल

**इंदौर**

इंदौर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। टीपीएस-4 क्षेत्र में नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 से अधिक अवैध कब्जों को हटाया। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा और निगम का अमला सुबह से ही मौके पर पहुंच गया था।

प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई मास्टर प्लान प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित 30 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण को लेकर की गई। अधिकारियों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को पहले चिन्हित किया गया था, जिसके बाद नोटिस प्रक्रिया पूरी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

### अवैध कब्जों को नहीं करेंगे बर्दाश्त

स्थानीय प्रशासन का कहना है कि शहर के मास्टर प्लान के तहत जिन परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है, उनमें बाधा बनने वाले अवैध कब्जों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क निर्माण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

अधिकारियों के मुताबिक सड़क निर्माण का कार्य आगे इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। सड़क चौड़ी होने से क्षेत्र में ट्रैफिक दबाव कम होगा और आसपास के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी। इंदौर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जिन स्थानों पर मास्टर प्लान के कार्य प्रस्तावित हैं, वहां चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से की जाएगी।



अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

*कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से कई पक्के और अस्थायी निर्माण तोड़े गए। इलाके में किसी प्रकार के विरोध या अव्यवस्था की स्थिति न बने, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे। ड्रोन कैमरे से पूरे अभियान की मॉनिटरिंग भी की गई, ताकि कार्रवाई का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके और किसी प्रकार की स्थिति पर तुरंत नजर रखी जा सके।*

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित

**इंदौर।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार हेतु) वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा।

### पूर्व विधायक अश्विन जोशी को दी गई भावभीनी विदाइ

**हातोद (इंदौर)।** हातोद के ब्रह्मा वाटिका में रविवार शाम एक गरिमामयी शोक सभा का आयोजन किया गया, जहाँ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने इंदौर के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता दिवंगत अश्विन जोशी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### म.प्र. के नागरिकों ने सर्वेक्षण में दर्ज कराए 19 लाख से अधिक फीडबैक

## सभी नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर स्वच्छता सर्वेक्षण फीडबैक में करें सहभागिता-आयुक्त भोंडवे

**इंदौर**

नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में मध्यप्रदेश अपनी संकल्पबद्धता और जन सहयोग के अनूठे संगम के साथ अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

प्रदेश के कुल 406 नगरीय निकायों में स्वच्छता के प्रति जो उत्साह और चेतना जाग्रत हुई है, उसका प्रत्यक्ष प्रमाण नागरिकों द्वारा अब तक दर्ज कराए गए 19 लाख से अधिक फीडबैक हैं। यह संख्या न केवल नागरिकों की अपनी शहर की स्वच्छता के प्रति सजगता को दर्शाती है, बल्कि यह प्रदेश की उस सामूहिकता का भी परिचायक है जो मध्यप्रदेश को स्वच्छता के शिखर पर बनाए रखने के लिए तत्पर है।

विभाग द्वारा इस विशाल जन-समर्थन को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जो आगामी रैंकिंग में प्रदेश के शहरों की स्थिति को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। नागरिकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त दिये गये क्यूआर कोड को स्केन कर स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में अपना फीडबैक दर्ज करे।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के सर्वेक्षण की सबसे अभिनव और क्रांतिकारी विशेषता इसकी मूल्यांकन प्रणाली में किया गया मूलभूत परिवर्तन है, जिसमें नागरिक फीडबैक और जन-शिकायत निवारण (ग्रीवांस रिड्रेसल) को मुख्य आधार बनाया गया है। पूर्ववर्ती सर्वेक्षणों की तुलना में इस बार रैंकिंग की गणना में नागरिकों की प्रतिक्रिया और उनकी शिकायतों के त्वरित व प्रभावी समाधान को अत्यधिक महत्व और वेटेज प्रदान किया गया है।

इससे स्वच्छता के प्रबंधन को केवल प्रशासनिक सक्रियता तक सीमित न रखकर इसे पूर्णतः नागरिक केंद्रित बनाना है। अब शहरों की सफलता का पैमाना केवल कागजी आंकड़े नहीं, बल्कि धरातल पर नागरिकों का संतुष्टि स्तर और उनकी समस्याओं के निराकरण की गतिशीलता होगी।

मध्यप्रदेश के 406 नगरों में नवीन व्यवस्था के अनुरूप कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें अपशिष्ट प्रबंधन और दृश्य स्वच्छता के साथ नागरिक संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

राज्य सरकार और नगरीय प्रशासन विभाग का निरंतर प्रयास है कि स्वच्छता के इस महाभियान में तकनीक और पारदर्शिता का समावेश कर हर नागरिक को इस प्रक्रिया का एक सक्रिय हिस्सा बनाया जाए।

अब तक 19 लाख से अधिक नागरिकों का इस प्रक्रिया में सम्मिलित होना इस बात की पुष्टि करता है कि मध्यप्रदेश के नगर स्वच्छता के संस्कार से ओतप्रोत आधुनिक केंद्रों के रूप में विकसित हो रहे हैं। प्रशासन आगामी चरणों में भी इसी पारदर्शिता और जन-संवाद की नीति पर चलते हुए प्रदेश को स्वच्छता के क्षेत्र में पुनः कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने की निर्माण इकाई पर कार्रवाई

# सैकरीन उपयोग एवं अनियमितताएं पाए जाने पर 300 लीटर उत्पाद जब्त

**इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सतत जांच कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 14 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए।

### डायमंड पेप्सी पर सख्त कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा राजाराम नगर स्थित डायमंड पेप्सी का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर मालिक मनोज कुशवाहा उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न फ्लेवर जैसे मैंगो, ऑरेंज, काला खट्टा, कोकोनट एवं चॉकलेट फ्लेवर की आइस लॉली का निर्माण एवं पैकिंग किया जाना पाया गया। मौके पर निर्माण कार्य में बोरिंग के पानी का उपयोग किया जाना पाया गया।

जांच के दौरान आइस लॉली निर्माण में सैकरीन (Saccharine) का उपयोग किया जाना पाया गया, जो छोटे बच्चों के सेवन हेतु उपयुक्त नहीं माना जाता। साथ ही उत्पादों पर किसी प्रकार की वैधानिक चेतावनी लेबल पर अंकित नहीं पाई गई। मौके से मैंगो आइस लॉली, ऑरेंज आइस लॉली एवं सैकरीन के कुल 03 नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही मौके पर संग्रहित लगभग 300 लीटर आइस लॉली जब्त की गई। प्रतिष्ठान में पाई गई कमियों एवं अनियमितताओं के दृष्टिगत सुधार किए जाने तक निर्माण कार्य को स्थगित कराया गया।

### एफ. सी. इन्टरप्राईजेस तिलक नगर

एफ. सी. इन्टरप्राईजेस तिलक नगर इंदौर का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रोपराइटर जिग्नेश मेहता उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान टोन्ड मिल्क, कंडेंस्ड मिल्क, क्रीम, हनी एवं फ्लेवर्ड मिल्क के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए।

### डेल्टा मार्केटिंग, ओल्ड पलासिया

इसी क्रम में डेल्टा मार्केटिंग ओल्ड पलासिया इंदौर का निरीक्षण किया गया, जहां प्रभारी पुष्पेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित पाए गए। उनकी उपस्थिति में फ्लेवर्ड मिल्क, डेयरी बेस्ड ड्रिंक, लैक्टोज फ्री मिल्क, कुकीज एवं रस्क के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायत पर कार्रवाई

सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर विजय श्री सैंडविच, जेल रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बेक समोसा का 01 नमूना जांच हेतु लिया गया।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता, वैध लाइसेंस, उचित लेबलिंग एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।



### विभिन्न फूड कैटेगरी में सैंपलिंग कार्रवाई

कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा विगत दिवस आयोजित बैठक में विभिन्न फूड कैटेगरी में नमूना कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में आज विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने लिए गए।

## टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, बिना पात्रता परीक्षा अब नहीं बन सकेंगे शिक्षक

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में वर्ष 1998 से 2009 के बीच नियुक्त शिक्षकों की पात्रता परीक्षा (टीईटी) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पात्रता परीक्षा में छूट देने के लिए जो समय और अवसर दिए जाने थे, वे पहले ही दिए जा चुके हैं। अब भविष्य में बिना टीईटी पास किए किसी को शिक्षक नियुक्त नहीं किया जा सकता।यह सुनवाई राज्य सरकार और विभिन्न शिक्षक संगठनों की ओर से दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर हुई। याचिकाओं में टीईटी से छूट देने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि 2017 में नियम लागू होने के बाद पांच वर्ष की राहत पहले ही दी जा चुकी है और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (ह्ल्ड्डश्व) के नियमों का पालन सभी राज्यों को करना होगा।हालांकि मामले में अंतिम फैसला अभी सुरक्षित है, लेकिन सुनवाई के दौरान अदालत की टिप्पणियों से शिक्षकों को राहत मिलने की संभावना कम नजर आ रही है। ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर ने बताया कि संगठन की ओर से भी पक्ष रखा गया, लेकिन कोर्ट का रुख सख्त दिखाई दिया।प्रदेश में करीब डेढ़ लाख ऐसे शिक्षक हैं जिनकी नियुक्ति 1998 से 2009 के बीच बिना टीईटी के हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी अपने आदेश में कहा था कि पात्रता परीक्षा में असफल रहने वाले शिक्षकों की सेवा समाप्त की जा सकती है। इसके बाद प्रदेशभर में शिक्षक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन और आंदोलन शुरू कर दिए थे।अब सभी की नजर सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर टिकी है, जिससे यह तय होगा कि पुराने शिक्षकों को कोई राहत मिलेगी या टीईटी अनिवार्यता पूरी तरह लागू होगी।

### मध्यप्रदेश में यूसीसी पर मंथन शुरू

# प्रदेश में शुरू होगा जनसंवाद, कमेटी करेगी जिलों का दौरा




**भोपाल ।** मध्यप्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की दिशा में सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित 6 सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति की पहली बैठक मंगलवार को नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में आयोजित हुई। करीब दो घंटे चली बैठक में समिति के सदस्यों को उत्तराखंड और गुजरात में लागू यूसीसी मॉडल तथा उनकी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। सरकार का लक्ष्य दिवाली 2026 तक प्रदेश में यूसीसी लागू करने का है।बैठक में मध्यप्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक परिस्थितियों पर विशेष चर्चा हुई। समिति को राज्य के विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों, विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और संपत्ति अधिकारों से जुड़े प्रावधानों का अध्ययन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खास तौर पर आदिवासी समुदायों की परंपराओं, मान्यताओं और प्रचलित कानूनों का गहन अध्ययन किया जाएगा, ताकि उनकी सांस्कृतिक पहचान और अधिकार सुरक्षित रह सकें।समिति में रिटायर्ड आईएएस शत्रुघ्न सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप नायर, शिक्षाविद् गोपाल कृष्ण शर्मा, आदिवासी मामलों के जानकार बुधपाल सिंह और सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया शामिल हैं। बैठक में तय किया गया कि अगले 10 दिनों के भीतर दूसरी बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद समिति प्रदेश के विभिन्न संभागीय और जिला मुख्यालयों में जनसुनवाई और परामर्श बैठकें शुरू करेगी। सूत्रों के अनुसार, 30 मई से पहले जनसंवाद प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है ताकि यूसीसी ड्राफ्ट तैयार करने में जनता की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।सरकार समिति के लिए दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन और भोपाल के वल्लभ भवन में अलग-अलग कार्यालय भी उपलब्ध कराएगी। समिति को 60 दिनों के भीतर यूसीसी का प्रारूप और विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपनी है। इस दौरान लिव-इन रिलेशनशिप, महिला और बाल अधिकारों की सुरक्षा जैसे समसामयिक विषयों पर भी सुझाव लिए जाएंगे। सरकार का दावा है कि प्रदेश की सामाजिक विविधता और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए एक संतुलित और व्यवहारिक यूसीसी तैयार किया जाएगा।

## मानव संग्रहालय में 30 दिवसीय बाल रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ

**भोपाल।** भोपाल स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय 'प्रोडक्शन ओरिएंटेड चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप' का शुभारंभ बुधवार को अंतरंग प्रदर्शनी वीथि संकुल परिसर स्थित सभागार में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बाल प्रतिभागी, अभिभावक, रंगकर्मी और कला प्रेमी शामिल हुए।

कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना और अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। स्वागत उद्बोधन में डॉ. पी. शंकर राव ने कहा कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास और संवेदनशीलता निर्माण का सशक्त मंच है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा के निदेशक संजय कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों के लिए रंगमंच की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी, फिल्म अभिनेता और निर्देशक राजीव वर्मा ने कहा कि बाल रंगमंच बच्चों की छिपी हुई सृजनात्मक ऊर्जा को सामने लाने का प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक क्यूरेटर डॉ. सूर्य कुमार पाण्डेय ने की। इस अवसर पर कार्यशाला संयोजक राजेन्द्र कुमार झारिया, सिने वीडियो अनुभाग के प्रभारी एचबीएस परिहार सहित संग्रहालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### केन-बेतवा मुद्दे पर राहुल गांधी के एमपी दौरे की तैयारी

# जीतू पटवारी ने नीट पेपर लीक पर सरकार को घेरा





**भोपाल ।** राहुल गांधी जल्द ही केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवारों से मिलने मध्य प्रदेश आ सकते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को भोपाल में दावा किया कि परियोजना के कारण हजारों आदिवासी प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 10 साल पहले तय की गई मुआवजा राशि अब दी जा रही है, जबकि इस दौरान प्रभावित परिवारों की संख्या और जरूरतें बढ़ चुकी हैं।पटवारी ने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हो रही है और आदिवासी परिवारों को विस्थापन का सामना करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, कई परिवारों को एकमुश्त राशि देकर हटाया जा रहा है, जबकि वर्तमान परिस्थितियों के हिसाब से यह मुआवजा पर्याप्त नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग और प्रशासनिक अमले की मिलीभगत से परियोजना का काम आगे बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र भी लिखेगी।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी प्रभावित आदिवासियों से सीधे मुलाकात करेंगे और इसके लिए कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। पटवारी ने बीजेपी पर आदिवासी विरोधी सोच रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि परियोजना से जुड़े कामों में पारदर्शिता नहीं है।इस दौरान जीतू पटवारी ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर भी केंद्र और बीजेपी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जहां-जहां लंबे समय से बीजेपी की सरकारें हैं, वहां पेपर लीक के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। पटवारी ने आरोप लगाया कि भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों में राजनीतिक संरक्षण की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में लगातार पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में बार-बार गड़बड़ी होना शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। कांग्रेस 16 मई को इस मुद्दे पर अपनी आगे की रणनीति भी सार्वजनिक करेगी।

# मेट्रो प्रोजेक्ट में बाधा बन रहीं दुकानों पर चला बुलडोजर

### शहरभर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

**भोपाल ।** नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर बड़ी संख्या में अवैध कब्जे हटाए। कार्रवाई के दौरान ठेले, गुमठियां, दुकानों के बाहर रखा सामान, अवैध चबूतरे, कच्चे निर्माण और जालियां हटाई गईं। वहीं मेट्रो परियोजना के कार्य में बाधा बन रही 12 दुकानों को भी तोड़ा गया। निगम ने कार्रवाई के दौरान कई सामान जब्त भी किए हैं।नगर निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर कोलार, प्रियंका नगर, गरीब नगर, सूरज नगर, कमला नगर, भारत माता चौराहा, रायसेन रोड, ईदगाह हिल्स, बैरसिया रोड, हमीदिया रोड, रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर-1 और 6, शाहपुरा, करोंद तथा बावड़ियां कला सहित कई इलाकों में अभियान चलाया गया। ईदगाह हिल्स क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित चिकन की दुकान हटाई गई, जबकि विश्वकर्मा नगर और कोलार रोड क्षेत्र में बने अवैध चबूतरे तोड़े गए। सूरज नगर क्षेत्र में कच्चे निर्माण और मकानों के आसपास लगाई गई जालियों को भी हटाया गया।निगम अमले ने भारत टॉकीज क्षेत्र में मेट्रो प्रोजेक्ट के कार्य में बाधा बन रही 12 दुकानों को जेसीबी की मदद से हटाया। इसके अलावा शहर के विभिन्न इलाकों से ठेले, गन्ने की चरखी, काउंटर और अन्य सामान भी जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान 11 ठेले, 2 लोहे के पाइप, एक काउंटर, एक गन्ने की चरखी, एक चेन, एक फोल्डिंग टेबल और एक बेंच जब्त की गई। निगम प्रशासन ने कहा है कि शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# सर्पदंश पीड़ित 15 वर्षीय अनमोल को दिया नवजीवन



**नीमच।** डॉ.सतीश चौधरी व टीम के अथक प्रयास से 6 दिन में हुआ पूर्ण स्वस्थ, कहते हैं,कि चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होता है। उक्त बात को जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. सतीश चौधरी एवं उनकी टीम ने सच कर दिखाया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेन्द्र पाटील ने बताया कि रामपुरा क्षेत्र के गांव बुरावन के 15 वर्षीय अमनोल पिता गोपाल को 8 मई की रात 3 बजे गर्दन पर किसी जहरीले जानवर के काटने का आभास हुआ।

कुछ ही देर में बच्चा अचेत हो गया। परिजनों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बिना एक पल गंवाए उसे सिविल हॉस्पिटल रामपुरा पहुंचाया। सिविल अस्पताल रामपुरा में बच्चे की गंभीर स्थिति का आंकलन कर चिकित्सक द्वारा तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी गई। परिजन तुरंत जिला चिकित्सालय नीमच पहुंचे। जिला चिकित्सालय पहुंचने पर बच्चे की हालत बेहद नाजुक थी। वह अचेत अवस्था में था तथा लगभग उसके प्राण समाप्त हो चुके थे।

### भाजपा नेता-डॉक्टर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर बहस

# नवीनीकरण को लेकर हुआ विवाद

**देवास।** दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीनीकरण को लेकर जिला अस्पताल में मंगलवार को एक परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले में भाजपा नेता राजेश यादव के हस्तक्षेप के बाद डॉक्टरों और उनके बीच तीखी बहस हो गई।



जानकारी अनुसार, रेवाबाग क्षेत्र निवासी राजेश भीमोदिया अपनी बेटी सलोनी भीमोदिया के साथ जिला अस्पताल पहुंचे थे। सलोनी की दाहिनी आंख डैमेज है और उसके पास पहले से 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र था, जिसका नवीनीकरण कराया जाना था। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल टीम ने उन्हें इंदौर जाने की सलाह देते हुए कहा कि यहां प्रमाण पत्र नहीं बन पाएगा। परिवार ने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कहते हुए पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर ही नया प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता राजेश यादव जिला अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने परिवार की समस्या अधिकारियों के सामने रखी और डॉक्टरों से पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर नया प्रमाण पत्र बनाने का आग्रह किया।

इसी दौरान राजेश यादव और एक डॉक्टर के बीच बहस हो गई। यादव ने पुराना दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिखाते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र इसी जिला अस्पताल से जारी हुआ है और इस पर डॉक्टरों के हस्ताक्षर भी हैं, फिर इसे मानने से इनकार क्यों किया जा रहा है।

विवाद के बाद डॉक्टरों की टीम ने बालिका की जांच की। इसके बाद उसके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

# शनिदेव सत्यनारायण मन्दिर में बांसुरी के सुरों ने भक्तों का समां बांधा

**रतलाम।**

देवास। नगर के मीरा बावड़ी स्थित शनिदेव सत्यनारायण मन्दिर में शनि जयंती के प्रथम दिवस सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक बलविंदर सिंह बल्लू इंदौर ने बांसुरी के सुरों से समा बांधा।



मन्दिर पुजारी पंडित अजयकुमार ने बताया कि पिछले दस वर्षों से निस्तर भी बल्लू शनि जयती में अपनी उपस्थिति देते हैं। प्रारंभ में बांसुरी से सभी देवों की आराधना प्रस्तृत की, जिसमें ओ पालन हारे निगुर्ण और न्यारे, हनुमान चालीसा, श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी और ओम जय जगदीश हरे आरती प्रस्तुत की।

पश्चात पंख होते तो उड जाती रे..., पधारे म्हारा देश..., नीले गगन के तले धरती का प्यार पले... आदि गीतों ने भक्तों का मन मोह लिया। उनके साथ उभरते कलाकारो में निष्ढा कडारे ने भी भजनो की प्रस्तुति दी और भक्तो को नृत्य करने को मजबूर कर दिया। उक्त आयोजन दे रात्रि तक चलता रहा। दिनांक 13 मई को कथा मर्मज्ञ पं. ओमप्रकाश चतुर्वेदी (भोपाल), भरत चरित्र (कथात्मक) की प्रस्तुति दी।

हवन व अभिषेक के मुख्य यजमान सुप्रसिद्ध समाजसेवी उद्योगपति सोनू पंजाबी रहे।

## नेनो बीफ्र

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानधन योजना में पंजीयन

**रतलाम।** सहायक श्रम पदाधिकारी श्री सुधीश कमल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम वर्कर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन कर सकते है। यह योजना भारत सरकार की महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु के ऐसे कर्मचारी पात्र होंगे जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम हो, जो आयकर दाता न हों तथा कर्मचारी भविष्य निधि, राज्य कर्मचारी बीमा या राष्ट्रीय पेंशन योजना के सदस्य न हों। योजना के तहत हितग्राहियों को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान जमा करना होगा। हितग्राही द्वारा जमा की जाने वाली राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार द्वारा भी जमा किया जाएगा। योजना में शामिल हितग्राहियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3000 रुपये प्रतिमाह की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाएगी।

### कर्मचारियों का वेतन 1 से 10 तारीख तक भुगतान करें

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने सुशासन भवन स्थित सभागार में जिला अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई कर्मचारियों के वेतन, स्वत्वों एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ समय पर उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मंदसौर एसडीएम शिवलाल शाक्य, नगर पालिका सीएमओ अनीता चौकटिया, पीओ डूडा रोहित राणावत सहित सभी नगरीय निकायों के सीएमओ, सफाई कर्मचारी एवं संगठन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में आयोग अध्यक्ष करोसिया ने निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों का मासिक वेतन प्रत्येक माह की 1 से 10 तारीख के बीच अनिवार्य रूप से भुगतान किया जाए। साथ ही 20 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को वरीयता के आधार पर नियमित करने की कार्यवाही एक माह में पूर्ण कर आयोग को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

### ई-टोकन के लिए प्रशिक्षण आयोजित

**रतलाम।** ई विकास प्रणाली के तहत ई-टोकन प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय सभागृह रतलाम में आयोजित किया गया कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर अमूल चौधरी द्वारा ई-टोकन प्रणाली से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई तथा उपस्थित अधिकारियों एवं विक्रेताओं की समस्याओं का निराकरण किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि भिका वास्के, कृषि विकास अधिकारी रतलाम, समस्त कृषि विस्तार अधिकारी पीएसीएस अधिकारी एवं मार्कफेड, निजी उर्वरक विक्रेता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### चीलर डेम पर तैराकी प्रशिक्षण का आयोजन



**शाजापुर।** राज्य आपदा मोचन बल भोपाल एवं संभागीय कार्यालय उज्जैन के निर्देशानुसार आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारी के लिए 7 मई से 15 मई 26 तक प्लाटून कमाण्डर सुश्री नम्रता सरावत द्वारा तैराकी प्रशिक्षण चीलर डेम शाजापुर पर चलाया जा रहा है। जिसमें बाढ़ आपदा प्रबंधन कार्य में लगे होमगार्ड जवानों को 3 चरणो में कुल 22 जवानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# ई-रिक्शा चालक की कार की टक्कर से मौत, 2 युवतियां घायल

**देवास।** माता टेकरी के सीढ़ी मार्ग के समीप मंगलवार दोपहर हुए सडक् हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस हादसे में तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा चालक निखिल लोधी की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दो युवतियां घायल हो गईं। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मारी।



टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सडक् पर करीब 15 फीट तक घिसटता चला गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल चालक निखिल को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे निजी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में फिर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को निखिल का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। देवास में माता टेकरी के सीढ़ी मार्ग के समीप मंगलवार दोपहर एक सडक् हादसे में ई-रिक्शा ड्राइवर की मौत हो गई। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार दो महिलाएं सुरक्षित बताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार, महाकाल कॉलोनी निवासी निखिल पिता नंदकिशोर लोधी मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे अपना ई-रिक्शा लेकर जा रहे थे।

# रेनबुकान कराते ग्रेडिंग परीक्षा में अथर्व झरिया को येलो बेल्ट प्राप्त

**देवास।** मार्शल आर्ट्स संस्था ड्रैगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी द्वारा श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल में आयोजित रेनबुकान कराते ग्रेडिंग परीक्षा में सात वर्षीय नन्हा खिलाड़ी अथर्व झरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए येलो बेल्ट प्राप्त की। इस अवसर पर अथर्व को मास्टर सईद आलम द्वारा येलो बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। अथर्व झरिया चोइथराम स्कूल नॉर्थ कैंपस का छात्र है। उसने लगातार तीन महीने तक अनुशासन, समर्पण और कठिन मेहनत के साथ कराते का अभ्यास किया। नियमित प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता के आधार पर उसने ग्रेडिंग परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर येलो बेल्ट हासिल की। कार्यक्रम के दौरान मास्टर सईद आलम ने कहा कि मार्शल आर्ट्स केवल आत्मरक्षा का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी महत्वपूर्ण साधन है। कराते बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य और मानसिक एकाग्रता विकसित करता है।



उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहें तो वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को खेल और मार्शल आर्ट्स गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित खिलाडियों और अभिभावकों ने अथर्व झरिया की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

# राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निपटाए : कलेक्टर

**आगर मालवा।** संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में संभाग के सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि राजस्व के प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए अधीनस्थ कार्यालयों का लगातार निरीक्षण करे और लोक सेवा गारंटी के आवेदनों पर समय सीमा में काम नहीं होने पर संबंधित अधिकारी पर पेनाल्टी लगाए।



सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण के अविवादित प्रकरणों की पेंडेंसी एक माह में खत्म करे। नामांतरण, सीमांकन के प्रकरणों में निचले अमले की कार्रवाई पर भी निगाह रखे। बिना कारण सीमांकन प्रकरण रद्द नहीं हो।

उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि उज्जैन में सीमांकन के प्रकरण लंबित नहीं हैं । इसी प्रकार नीमच जिले में भी पेंडेंसी नहीं है। नक्शा दुरुस्ती के प्रकरण होने पर आवेदन लेकर प्रकरण दर्ज कर ले उसके बाद भी सीमांकन प्रकरण रद्द नहीं हो। उज्जैन,देवास, रतलाम,शाजापुर,आगर मालवा,मंदसौर,नीमच, के कलेक्टर ने गेहूं खरीदी, वरदान उपलब्धता, गेहूं का परिवहन की जानकारी भी दी।

### कलेक्टर के निर्देश के बाद मिली प्रकरण की स्पष्ट प्रतिलिपि

# सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाई थी समस्या

**देवास।** सामाजिक कार्यकर्ता आर.बी. भाई पटेल ने नजूल कार्यालय से संबंधित एक प्रकरण को लेकर जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर समस्या से अवगत कराया। आवेदन में बताया कि नजूल कार्यालय में प्रकरण के निराकरण के बाद आवेदक द्वारा लोकसेवा के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदक को मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के अंतर्गत जारी आदेश दिनांक 20 जनवरी 2024 की



प्रमाणित प्रतिलिपि उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करनी थी। लेकिन नजूल न्यायालय से उपलब्ध कराई गई प्रमाणित प्रति स्पष्ट एवं साफ नहीं होने के कारण उसे न्यायालय में प्रस्तुत करना संभव नहीं था। शिकायतकर्ता आर.बी. भाई पटेल ने बताया कि तहसीलदार नजूल न्यायालय, देवास द्वारा साफ एवं स्पष्ट प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद आदेश का पालन नहीं किया जा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित नजूल अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देश के तुरंत बाद आवेदक पटेल को उनके प्रकरण की स्पष्ट एवं सही प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करा दी गई। इस कार्रवाई के बाद आवेदक ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित हुई 36वीं किश्त

**नीमच।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना तहत नीमच जिले की 1,55,737 हितग्राही बहनों के बैंक खातों में आज 36वीं किश्त की राशि 22 करोड़ 80 लाख अंतरित की गई। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अंमिता पंड्या ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राशि अंतरण एवं महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित किया गया।



### जर्जर स्कूल भवन से बच्चों की जान को खतरा

# ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**देवास।** जिले के ग्राम तुमडावदा में शासकीय विद्यालय की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया। विद्यालय भवन की जर्जर हालत और छत से बाहर निकलते सरियों के कारण बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इसी समस्या को लेकर डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय युवा संघ 50 फाइटर्स टीम ने ग्राम पंचायत लसुडिया छत्रधार की सरपंच रामकन्या बाई सुरेश परमार के लेटरपेड पर जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर विद्यालय के तत्काल जीर्णोद्धार की मांग की। आवेदन में बताया गया कि विद्यालय भवन की छत अत्यंत कमजोर हो चुकी है और जगह-जगह से सरिए दिखाई देने लगे हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं।



# रहीमगढ़ में आयोजित हुआ आयुष्मान आरोग्य शिविर

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिलेभर में सतत आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीतामऊ ब्लॉक के ग्राम रणायरा एवं रहीमगढ़ में निक्षय वाहन के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।



# राष्ट्रीय भावनाओं के जागरण हेतु आयोजित हुई संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भागवत कथा

**देवास।** राष्ट्रीय संत डॉ. मिथिलेश मेहता नागर द्वारा आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक जागरण कार्यक्रम में युवाओं और बच्चों में राष्ट्रीय भावनाओं को जागृत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनाथ एवं वनवासी बच्चों के उत्थान के लिए समाज को प्रेरित करना तथा हिंदू समाज में व्याप्त जात-पात की भावना को समाप्त कर एकता स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में बताया गया कि पूज्य संत पिछले 25 वर्षों से पूरे भारत में भगवान की कथा के माध्यम से समाज जागरण का कार्य कर रहे हैं। कथा के दौरान राष्ट्रभक्ति, संस्कार, सामाजिक समरसता और हिंदू एकता पर विशेष बल दिया गया। इस आयोजन के यजमान गोपी लाल जेवरिया एवं सांवरिया परिवार रहे, जिन्होंने इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्यक्रम का आयोजन कराया। कार्यक्रम के अंतर्गत गत दिवस संगीतमय सुंदरकांड चौपाइयों का भव्य पाठ भी आयोजित किया गया। सुंदरकांड पाठ भक्तिमय वातावरण में



### कुण्डलिनी जागरण में नागरिकों ने किया आत्मानुभव

# परमात्मा कि शक्ति को प्राप्त कर सकते है सहजयोग ध्यान से

**देवास।** सहजयोग परिवार देवास द्वारा आयोजित मधुबन कालोनी में तीन दिवसीय सहजयोग ध्यान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें कुण्डलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया और आत्मसाक्षात्कार का अनूठा अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में मानव शरीर में उपस्थित चक्रों एवं नाडियों की विस्तृत जानकारी दी। आत्मसाक्षात्कार की क्रिया देवास से आए वरिष्ठ सहजयोगी जीतेन्द्र शर्मा ने करवाई।



# 12वीं राज्य स्तरीय सीनियर-जूनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में ओवरऑल ट्रॉफी पर

### देवास ने मचाया धमाल

**देवास।** ब्यावरा (राजगढ़) के माँ अंजना रिसॉर्ट में 8 से 10 मई तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई 12वीं सीनियर-जूनियर राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में देवास के खिलाड़ियों ने कमाल कर दिखाया। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मप्र अध्यक्ष अबरार एहमद शेख और सचिव अभय श्रीवास ने बताया कि प्रदेश के 22 जिलों से 380 खिलाडियों व अधिकारीगण ने भाग लिया। देवास के खिलाड़ियों ने सीनियर वर्ग में 11 स्वर्ण और जूनियर में 10 स्वर्ण पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। ओवरऑल रैंकिंग- सीनियर वर्ग- प्रथम-देवास, द्वितीय-



बालाघाट, तृतीय जबलपुर, जूनियर वर्ग- प्रथम-देवास, द्वितीय- रीवा, तृतीय-भोपाल, सब जूनियर वर्ग- प्रथम-राजगढ़, द्वितीय-इंदौर, तृतीय-सतना, ट्रॉफी वितरण में धूम- अतिथियों ने देवास को ओवरऑल ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। बालक वर्ग में देवास के ऋषभ जायसवाल और बालिका वर्ग में बालाघाट की सलोनी पांछे को मध्यप्रदेश का बेस्ट फाइटर अवॉर्ड मिला। बेस्ट रैफरी का सम्मान सतना के अमित रजक को। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का टिकट पक्का- सीनियर स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन 6 - 8 जुलाई को शिलांग (मेघालय) में होने वाली 14वीं सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हो गया। जूनियर विजेता 25-28 जून को नासिक (महाराष्ट्र) में आयोजित 14वीं जूनियर राष्ट्रीय में उतरेंगे। चयनित देवास के सितारे- सीनियर बालिका/बालक- भूमिका जैन, दिशा रेड्डी, लक्ष्मी मालवीय, जैनब खान, जाह्नवी सरकार, महिमा पटेल, जागृति योगी, प्रांजल बुडानिया, हर्ष जयसवाल, ऋषभ जायसवाल, अंशु पटेल जूनियर बालिका/बालक- हर्षिल पटेरिया, त्रिशा चावड़ा, वैष्णवी झाला, कोषाध्यक्ष संदीप जाधव, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य सुधीर सोमानी सहित प्रदेश पदाधिकारी, रैफरी, कोच व अभिभावकों ने हार्दिक बधाई दी।

# ब्लैक स्पॉट स्थल पनवाड़ी जोड़ का संयुक्त निरीक्षण

**शाजापुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाये जाने के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के निर्देशन में यातायात पुलिस शाजापुर द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। पुलिस अधीक्षक राजपूत के निर्देशों के अनुपालन में वर्ष 2026 में थाना सुनेरा क्षेत्रान्तर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थल-पनवाड़ी जोड़ का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की तेज गति को नियंत्रित करने के लिए सड़क पर जिग-जैग व्यवस्था बनाए जाने, कैट आई एवं टीबीएम मार्किंग, रोड मार्किंग में तात्कालिक सुधार, वाहन चालकों को चेतावनी एवं सतर्कता के लिए सड़क दुर्घटना चेतावनी बोर्ड लगाए जाने जैसे शॉर्ट टर्म सुधार कार्य तत्काल किए जाने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी एवं ओरिएंटल शाजापुर को निर्देशित किया गया। दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से संबंधित स्थल पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए नेशनल हाईवे के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाने का निर्णय भी लिया गया।

## फटाफट खबरें

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर चलती थार में लगी आग

ग्रेटर नोएडा,(ईएमएस)। ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस-वे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेज रफ्तार से चल रही एक थार कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना से एक्सप्रेस-वे पर गुजर रहे अन्य वाहन चालकों में भी दहशत फैल गई। जानकारी के मुताबिक महिंद्रा थार में सवार लोग गाजियाबाद से आगरा की ओर जा रहे थे। यात्रा में अचानक गाड़ी से धुआं निकलता दिखाई दिया। चालक ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे रोका और सभी बाहर निकल आए। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जलकर राख हो चुकी थी।

### शिक्षक को मारी गोली, बैग व मोबाइल लूट कर फरार

पटना,(ईएमएस)। पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को गोली मार दी गई जिससे वह घायल हो गए। यह घटना मिश्रा वैली स्कूल के पास हुई। घायल शिक्षक की पहचान शंभू कुमार (48) के रूप में हुई है, जो चंडी के एक सरकारी विद्यालय में कार्यरत हैं। उन्हें इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक शंभू कुमार बुधवार सुबह अपने घर से विद्यालय जाने के लिए निकले थे। वह नेशनल हाईवे पर पैदल वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश उनके पास आए और उनसे बैग और मोबाइल लूटने की कोशिश की। जब शंभू ने इसका विरोध किया, तो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके गले के नीचे लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद आरोपी उनका मोबाइल और बैग लूटकर फरार हो गए।

### पटना में बिजली गिरने से 8 की मौत, तेज बारिश का अलर्ट

पटना,(ईएमएस)। बिहार में दोहरे मौसम की लोग मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है। इसे लेकर 19 जिलों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कटिहार में मंगलवार रात से मूसलाधार बारिश हो रही है। कई इलाकों में पानी भर गया है। पटना मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों तक राज्य में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। हवा भी चल सकती है। तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिरावट सकता है। बीते 24 घंटे में गयाजी, जहानाबाद, बांका समेत पांच जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, कैमूर का पारा एक बार फिर 41 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। इसके अलावा पटना में भी उमस भरी गर्मी से लोग परेशान नजर आए। जमुई में मंगलवार को आंधी-बारिश और बिजली गिरने से एक बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 लोग झुलस गए।

### जहां अजित का प्लेन गिरा था वहीं क्रेश हुआ ट्रेनी विमान

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के बारामती इलाके में एक बार फिर विमान दुर्घटना की खबर से हड़कंप मच गया है। इससे पहले इसी जगह पर राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित दादा का प्लेन क्रेश हुआ था जिसमें उनकी मौत हुई थी। जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक टू-सीटर विमान तकनीकी खराबी का शिकार होकर गोजूबावी गांव के पास क्रैश लैंड कर गया। यह विमान 'रेड बर्ड' कंपनी का बताया जा रहा है, जो नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। शुरुआती जांच के मुताबिक, उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान के इंजन में अचानक खराबी आ गई थी। संकट की स्थिति को भांपते हुए पायलट ने सूझबूझ का परिचय दिया और विमान को आबादी वाले क्षेत्र से दूर सुरक्षित उतारने का प्रयास किया।

### सांगली ड्रग्स मामले में सलीम डोला हिरासत में

मुंबई,(ईएमएस)। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-7 ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के कथित करीबी सहयोगी सलीम डोला को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि सलीम को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस मामले को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच लगातार जांच में जुटी है और अब कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक मार्च 2024 में जांच एजेंसियों ने सांगली में चल रही एक अवैध ड्रग्स फैक्ट्री पर छापा मारा था।

---

**आयात शुल्क बढ़ने पर उद्योग जगत ने जताई आपत्ति, कहा- एमएसएमई पर पड़ेगा गंभीर असर**

# सोने-चांदी के आभूषण 15 फीसदी महंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)।

केंद्र सरकार ने सोने-चांदी और ज्वेलरी से जुड़े आयातित सामानों पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नई दरों के अनुसार, सोने-चांदी से संबंधित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क 4.35 फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी कर दिया गया है। वहीं, आभूषण निर्माण में इस्तेमाल होने वाले छोटे पार्ट्स और फाइंडिंग्स पर 5 फीसदी आयात शुल्क लगाया जाएगा। सरकार के इस फैसले के बाद विदेशों से आने वाला सोना-चांदी और ज्वेलरी का कच्चा माल महंगा हो जाएगा। इसका असर बाजार में आभूषणों की कीमतों पर भी देखने को मिल सकता है। व्यापारियों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने-चांदी के आभूषण करीब 15 फीसदी तक महंगे हो सकते हैं।

**सोने पर शुल्क वृद्धि से तस्करी बढ़ेगी, निर्यात घटेगा-** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने सरकार द्वारा सोने, चांदी और प्लेटिनम पर आयात शुल्क में की गई हालिया वृद्धि का कड़ा विरोध किया है। परिषद ने बुधवार को कहा कि यह कदम न केवल कीमती धातुओं की कीमतें बढ़ाएगा, बल्कि तस्करी को बढ़ावा देगा और देश के निर्यात



कारोबार के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को गंभीर नकदी संकट में धकेल देगा। जीजेईपीसी ने सरकार से इस मुद्दे पर उद्योग के हितधारकों के साथ तत्काल बातचीत कर एक स्थायी समाधान खोजने की अपील की है। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है, जबकि प्लेटिनम पर यह कर 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 15.4 प्रतिशत हो गया है। जीजेईपीसी ने इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अतीत में यह देखा गया है कि आयात शुल्क बढ़ाने से शायद ही कभी सोने का आयात घटता है; इसके बजाय यह केवल कीमतें बढ़ाता है। परिषद ने इस बात पर जोर दिया कि हाल के समय में सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात उसी अनुपात में कम नहीं हुआ है। जीजेईपीसी ने आशंका जताई है कि उच्च शुल्क से तस्करी को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात की लागत में वृद्धि होगी।

परिषद के अनुसार, निर्यातकों को अब नामित एजेंसियों से शुल्क-मुक्त सोना लेने पर प्रति किलोग्राम 28-30 लाख रुपये की बैंक गारंटी देनी पड़ रही है, जिससे उनकी कार्यशील पूंजी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इस निर्णय का सबसे गंभीर असर एमएसएमई विनिर्माताओं पर पड़ेगा, जो परिषद के 80 प्रतिशत सदस्य हैं और पहले से ही गंभीर नकदी संकट का सामना कर रहे हैं। सरकार के इस फैसले पर परिषद ने प्रमुख खुदरा विक्रेताओं और विनिर्माताओं के साथ बैठकें की हैं। जीजेईपीसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सोने के आयात को नियंत्रित करने के वैकल्पिक उपाय भी सुझाए हैं।

परिषद ने सरकार से आग्रह किया है कि वह राजकोषीय लक्ष्यों को निर्यात वृद्धि के साथ संतुलित करने वाले स्थायी समाधानों पर विचार-विमर्श के लिए उद्योग के साथ बातचीत करे, ताकि यह महत्वपूर्ण क्षेत्र प्रभावित न हो।

---

## संक्षिप्त समाचार

### पाम तेल की अगुवाई में भारत का वनस्पति तेल आयात 13 फीसदी उछला

नई दिल्ली (ईएमएस)। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता भारत का वनस्पति तेल आयात तेल वर्ष 2025-26 के पहले छह महीनों (नवंबर-अप्रैल) में 13 प्रतिशत बढ़कर 79.4 लाख टन हो गया है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल की खेप में हुई भारी वृद्धि इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 70.4 लाख टन से अधिक है। इस अवधि में आयात का कुल मूल्य सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 87,000 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 73,000 करोड़ रुपये था। कुल आयात में 78.2 लाख टन खाद्य तेल और 1.21 लाख टन गैर-खाद्य तेल शामिल है। एसईए के आंकड़ों के मुताबिक, पाम तेल का आयात लगभग दोगुना होकर 27.4 लाख टन से 39.7 लाख टन पर पहुंच गया। वहीं, सोया तेल और सूरजमुखी तेल जैसे नरम तेलों की खेप 41.3 लाख टन से घटकर 38.5 लाख टन रह गई। इंडोनेशिया और मलेशिया पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं, जबकि अर्जेंटीना व ब्राजील सोया तेल तथा रूस व यूक्रेन सूरजमुखी तेल के मुख्य स्रोत बने हुए हैं। पिछले एक वर्ष में खाद्य तेलों की कीमतों में 14 से 22 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, डॉलर के मुकाबले रुपये में 9.2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट ने आयात लागत को और बढ़ा दिया है, जिसे आयातकों और रिफाइनरों के लिए चिंता का विषय बताया गया है। इसी अवधि में नेपाल ने भी भारत को लगभग 2.17 लाख टन परिष्कृत तेल, मुख्य रूप से सोया तेल, निर्यात किया। मई 2026 तक कुल वनस्पति तेल भंडार बढ़कर 21.2 लाख टन हो गया है, जो तेल वर्ष की दूसरी छमाही में बेहतर आपूर्ति का संकेत देता है।

### लाइसेंस राज होगा खत्म, सरकार लाएगी अगली पीढ़ी के बड़े सुधार : नीति आयोग

नई दिल्ली (ईएमएस)। नीति आयोग के एक सदस्य ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक सम्मेलन में घोषणा की कि सरकार लाइसेंस राज के नए अवतारों को समाप्त करने और व्यापार सुगमता के लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को लागू कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 1991 के सुधारों ने औद्योगिक लाइसेंसिंग को खत्म किया, लेकिन लाइसेंस राज को नहीं। आज किसी भी कारोबार के लिए आवश्यक हर अनावश्यक परमिट लाइसेंस राज का ही एक रूप है। सरकार अब जब तक मना न हो तब तक अनुमति है के सिद्धांत पर आगे बढ़ेगी। सुधारों का उद्देश्य नियामक हस्तक्षेप से व्यवस्था को मुक्त करना है। इसके तहत, लाइसेंसिंग की आवश्यकता केवल राष्ट्रीय सुरक्षा या गंभीर स्वास्थ्य/पर्यावरण खतरों वाली गतिविधियों के लिए होनी चाहिए।

---

## शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद



मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। इसी के साथ ही इस सप्ताह की शुरुआत से ही जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। बाजार में बढ़त दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई 49.74 अंक बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने 74,134.48 का निचला और 75,191.57 का ऊपरी स्तर छुआ जिससे उतार-चढ़ाव का अंदाज होता है। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.05 अंक ऊपर आकर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। बाजार में मेटल, ऑयल एंड गैस सेक्टर में खरीदारी देखी गई, जबकि आईटी और ऑटो शेयर दबाव में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, टीसीएस, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, इटरनल, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और मारुति सहित 16 शेयर नीचे आये जबकि एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे ज्यादा 4.37 फीसदी तेजी आई। इसके अलावा टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, बीईएल, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, इंडिगो, आईटीसी और ट्रेंट के शेयरों में भी बढ़त रही। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की तेजी से शुरुआत हुई। सेंसेक्स बढ़त के साथ ही 74,586 के स्तर पर और निफ्टी 23,468 के आसपास कारोबार करते दिखे।

---

## सरकारी बैंकों का वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ का मुनाफा

**एसबीआई समेत प्रमुख बैंकों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, एनपीए में भी ऐतिहासिक गिरावट**

नई दिल्ली (ईएमएस)।

देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2025-26 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन 12 सरकारी बैंकों ने रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.12 प्रतिशत अधिक है। यह लगातार चौथा वित्त वर्ष है जब सरकारी बैंकों ने मुनाफा कमाकर अपनी वित्तीय स्थिरता और क्षमता का प्रदर्शन किया है। वित्त मंत्रालय ने इस उपलब्धि को बेहतर कारोबारी विस्तार और सुधरी हुई परिसंपत्ति गुणवत्ता का परिणाम बताया है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सरकारी बैंकों का मुनाफा वित्त वर्ष 2024-25 में 1.78 लाख करोड़ रुपये था, जिसमें अब और भी बढ़ोतरी हुई है। यह लाभप्रदता का सिलसिला वित्त वर्ष 2022 में 66,543 करोड़ रुपये के लाभ के साथ शुरू हुआ था और लगातार बढ़ता जा रहा है। देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), ने वित्त वर्ष 2026 में अभी तक का सर्वाधिक शुद्ध सालाना लाभ 80,032 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 12.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा ने 20,021 करोड़ रुपये और पंजाब नेशनल बैंक ने 16,904 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। मंत्रालय ने बताया कि यह मजबूत वित्तीय प्रदर्शन निरंतर व्यावसायिक वृद्धि, बेहतर संपत्ति गुणवत्ता, रिकॉर्ड लाभप्रदता और मजबूत पूंजी स्थिति का प्रतीक है।

इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी से बढ़ती ऋण जरूरतों को पूरा करने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मजबूती प्रदर्शित होती है। देश के 12 सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय ने बयान में बताया कि सरकारी बैंक लगातार चौथे साल लाभप्रदता में रहे। सरकारी बैंकों की लाभप्रदता सालाना आधार 11.12 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गई।

---

# पश्चिम एशिया संकट से भारत के भुगतान संतुलन पर बढ़ा दबाव

**तेल कंपनियों के भारी नुकसान और पर्याप्त ईंधन भंडार पर दिया जोर**

नई दिल्ली (ईएमएस)। पश्चिम एशिया में जारी संकट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक वास्तविक दबाव परीक्षण है, जिसका भुगतान संतुलन, मुद्रास्फीति और चालू खाते पर सीधा असर पड़ रहा है। यह बात वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने आज कही। उन्होंने इस स्थिति को अस्थायी नहीं बल्कि ढांचागत बताया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नागेश्वरन ने कहा कि चालू खाते का विश्वसनीय प्रबंधन, वित्तपोषण और विनिमय दर में गिरावट रोकना वित्त वर्ष 2026-27 की प्रमुख आर्थिक अनिवार्यताएं होंगी। उन्होंने बताया कि यह संकट दुनिया के अहम ऊर्जा गलियारों में लगातार आ रही रुकावट का नतीजा है। अधिकतर अर्थशास्त्रियों ने वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत के चालू खाते के घाटे का अनुमान सकल घरेलू उत्पाद के 1.5 फीसदी से 2.4 फीसदी तक बढ़ा दिया है। हालांकि, भारत की मजबूत राजकोषीय नीति और बुनियादी ढांचा निवेश मौजूदा संघर्ष से निपटने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। एक अलग सत्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संकेत दिया कि ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं, लेकिन किसी भी बढ़ोतरी का फैसला चुनावों से जुड़ा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों को प्रतिदिन 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जिससे इस तिमाही में उनकी अंडर-रिकवरी 2 लाख करोड़ रुपये और नुकसान 1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। यह नुकसान पिछले साल के पूरे मुनाफे को खत्म कर सकता है। हालांकि, पुरी ने आश्वस्त किया कि भारत के पास पर्याप्त ईंधन भंडार है, जिसमें 60 दिनों का कच्चा तेल, 60 दिनों की एलएनजी और 45 दिनों की एलपीजी शामिल है। देश में एलपीजी उत्पादन भी संघर्ष-पूर्व स्तर से बढ़कर 54,000 टन प्रतिदिन हो गया है।

### रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 2 पैसे की गिरावट के साथ ही अपने सबसे निचले स्तर 95.70 पर बंद हुआ। आज शुरुआती कारोबार में रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 16 पैसे उछलकर 95.52 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। आयात शुल्क बढ़ने के कारण अमेरिकी डॉलर की मांग में कमी के आसार से घरेलू मुद्रा को बल मिला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि सोने के आयातकों के अपनी मांग कम करने से बाजार प्रतिभागी डॉलर-रुपये की जोड़ी में कुछ मजबूती की उम्मीद कर रहे हैं। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर बुधवार को 15 फीसदी कर दिया। पश्चिम एशिया संकट के कारण बढ़ती आयात लागत के बीच कीमती धातुओं के आयात पर अंकुश लगाने के उपायों के तहत यह कदम उठाया गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.52 प्रति डॉलर पर खुला जो उसके पिछले बंद भाव से 16 पैसे की बढ़त दिखाता है।

---

## हिमाचल में बुजुर्गों की पेंशन ही हड़प गए अपात्र

**जांच के दायरे में कई अफसर**



शिमला,(ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले की तांगणू-जांगलिख पंचायत में सामने आए वृद्धावस्था पेंशन फर्जीवाड़े में पुलिस ने औपचारिक रूप से प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जिला कल्याण अधिकारी की शिकायत पर चिड़गांव पुलिस थाने में यह मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में 44 लोगों द्वारा अनुचित तरीके से पेंशन हड़पने की बात सामने आई है, जिनमें 25 पुरुष और 19 महिलाएं शामिल हैं। हालांकि बताया जा रहा है कि इसमें कुछ अफसर भी शामिल हैं उनकी मदद से गफलत हुई है।

### पंचायत सचिव की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

इस घोटाले में केवल अपात्र लाभार्थी ही नहीं, बल्कि विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी जांच के घेरे में हैं। दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है और जैसे-जैसे साक्ष्य मिलते जाएंगे, एफआईआर में आरोपियों के नाम जोड़े जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अब अपने स्तर पर भी दस्तावेजों का सत्यापन कर रहा है। विभागीय जांच में पंचायत सचिव की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। आरोप है कि पंचायत स्तर पर परिवार रजिस्टर की नकल और उम्र के सत्यापन में जानबूझकर खेल किया गया। बड़ा सवाल यह है कि जब ऑनलाइन और ऑफलाइन रिकॉर्ड में उम्र का अंतर साफ दिख रहा था, तो आवेदन तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय तक कैसे पहुंच गए।

---

### सीएम के लिए वेणुगोपाल के नाम पर भड़के लोग

वायनाड,(ईएमएस)। केरल में हालिया विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को मिली शानदार जीत के बावजूद, मुख्यमंत्री पद के चयन को लेकर गठबंधन में गतिरोध जारी है।



सत्ता में आने के 10 दिन बाद भी, इस खींचतान ने पार्टी के भीतर गहरी फूट पैदा कर दी है, जिसका गुस्सा अब वायनाड की सड़कों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सीएम पद के चेहरे को लेकर चल रही इस तनातनी के बीच, वायनाड डीसीसी कार्यालय के पास राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को निशाना बनाने वाले गुमनाम पोस्टर सामने आए हैं। केरल के अगले मुख्यमंत्री के रूप में केसी वेणुगोपाल को आगे बढ़ाने के संभावित कदम के खिलाफ जनता का विरोध लगातार बढ़ रहा है।

---



यूक्रेन की राजधानी कीव में रुसी ड्रोन हमले में क्षतिग्रस्त एक किंडर गार्डन में लगी आग बुझाते हुए दमकलकर्मी। -फोटो-ईएमएस।

---

## ममता ने कहा- अकेले आए थे, अकेले ही जाना है

**हार के बाद टीएमसी प्रमुख ने कविता के जरिए दिया संदेश**

कोलकाता(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के साथ ही राज्य में ममता बनर्जी का 15 साल पुराना शासन समाप्त हो गया है। तृणमूल कांग्रेस की इस बड़ी हार और सत्ता गंवाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब एक अलग ही भावनात्मक और कूटनीतिक अंदाज में नजर आ रही हैं।



चुनाव परिणामों के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी लिखी एक कविता साझा की है, जिसका शीर्षक है 'ब्रेव' यानी बहादुर। इस कविता के माध्यम से उन्होंने न केवल हार से निराश कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने की कोशिश की है, बल्कि जीवन के शाश्वत सत्य का भी उल्लेख किया है। ममता बनर्जी ने अपनी कविता में संदेश दिया है कि असली ताकत इंसान के भीतर होती है। उन्होंने लिखा, 'बहादुर और मजबूत बनो। अगर आपको खुद पर भरोसा है, तो दुनिया की कोई ताकत आपको छू नहीं सकती। आपकी ताकत आपके भीतर है, इसे गरिमा के साथ बनाए रखें। कायर हमेशा कायर ही रहेंगे, लेकिन मजबूत लोग हमेशा टिके रहते हैं।' कार्यकर्ताओं को जीवन का दर्शन समझाते हुए उन्होंने आगे लिखा कि मनुष्य इस दुनिया में अकेले आता है और उसे अकेले ही जाना पड़ता है, केवल उसके अच्छे कर्म ही जीवित रहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि बुराई अधिक समय तक नहीं टिक सकती और अंत में जीत अच्छाई की ही होगी।

---

**संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन की रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

# अफगानिस्तान के लोगों को मार रही पाकिस्तान सेना

जेनेवा,(ईएमएस)। साल के पहले तीन महीनों में तालिबान और पाकिस्तानी सेना के बीच सीमा पार झड़प में कम से कम 372 अफगान नागरिक की जान जा चुकी है। 397 लोग घायल हुए। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी की है जिसमें खुलासा किया गया है कि आधे से ज्यादा मौतें काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर हुए हवाई हमलों के कारण हुईं। हाल के सालों में दर्ज की गई सबसे घातक घटनाओं में से एक है। काबुल नशा मुक्ति केंद्र पर हमला सबसे घातक हमलों में शामिल रिपोर्ट है।



इसके मुताबिक पुरुषों के हताहत होने की बड़ी संख्या 16 मार्च को काबुल के एक नशा उपचार केंद्र पर हुए हवाई हमलों से जुड़ी थी। इसमें केवल पुरुष रोगियों को भर्ती किया जाता था। रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में कम से कम 269 लोग मारे गए साथ ही 122 घायल हुए हैं। हालांकि इसमें चेतावनी दी कि वास्तविक मरने वालों की संख्या ज्यादा हो सकती है। तीन स्वतंत्र स्रोतों से इसकी पुष्टि गई है। जनवरी से मार्च के दौरान हताहतों के आंकड़े 2011 के बाद से सबसे अधिक आंकड़े हैं। मारे गए लोगों में 13 महिलाएं, 46 बच्चे और 313 पुरुष थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई पीड़ितों की पहचान नहीं की जा सकी क्योंकि उनके शरीर बुरी तरह जल गए थे।

### पाक रक्षा मंत्री ने इसे 'खुली जंग' बताया था

संयुक्त राष्ट्र मिशन ने दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने और अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने से बचने का आग्रह किया है। पाकिस्तान का दावा है कि उसके सैन्य अभियान केवल 'आतंकवादी और सैन्य बुनियादी ढांचे' की ओर निर्देशित थे। तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान-पाकिस्तान तनाव बढ़ा 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव लगातार गहराया है। इस साल की शुरुआत में संघर्ष काफी तेज हो गया था। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने इसे फरवरी के अंत में 'खुली जंग' बताया था। इस्लामाबाद ने बार-बार तालिबान प्रशासन पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लड़ाकों को पनाह देने का आरोप लगाया है। यह पाकिस्तान के अंदर हमले करने वाला आंतकी समूह है। तालिबान सरकार ने इन आरोपों से इनकार किया है। पाकिस्तान पर शत्रुतापूर्ण समूहों का समर्थन करने और अफगान की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

# मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत करना चाहेगी पंजाब

## शाम 7.30 बजे शुरू होगा मैच

धर्मशाला (ईएमएस)।

पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल मुकाबले में गुरुवार को यहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस सत्र की शुरुआत में नंबर एक पर रही पंजाब की टीम पिछले चार मैच में लगातार हार से अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गयी है। उसके अब तक 13 अंक हैं, ऐसे में प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे ये मैच हर हाल में जीतना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर की पंजाब के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं पर उसे पिछले मैचों में की गयी गलतियों से बचना होगा। उसके ऊपर दबाव भी रहेगा और ऐसे में अब देखना होगा कि वह किस प्रकार से खेलती है।

इस मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। पिछले मैच में उसे इन दोनो क्षेत्रों की कमजोर से हार का सामना करना पड़ा था। उसे प्लेऑफ में जगह बनाने बचे हुए दो मैचों को हर हाल में जीतना होगा। टीम का अब तक का सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उसे शुरुआत में लगातार जीत मिली पर फिर टीम एकाएक हारने लगी। टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां नजर नहीं आई पर बल्लेबाजी के असफल होने ही टीम हारने लगी। दिल्ली के खिलाफ मैच में टीम जीत के करीब पहुंच गई थी पर अंतिम पांच ओवरों में तेज गेंदबाज अपनी लेंथ बरकरार नहीं रख पाये।




अर्शदीप सिंह सहित अन्य गेंदबाजों का इकॉनमी रेट सबसे खराब रहा है। जहां पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया। वहीं लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बेन ड्वार्शियस सहित बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को मैदान पर उतारा पर ये सभी महंगे साबित हुए। अर्शदीप ने जिन 11 मैचों में हिस्सा लिया है, उनमें से अधिकांश में उन्होंने प्रति ओवर 10 से अधिक रन दिए हैं इसके अलावा टीम की फील्डिंग भी खराब रही है। वहीं अगर पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो प्रभसिमरन सिंह को निरंतरता रखते हुए लंबी पारी खेलनी होगी जिससे वह शीर्ष क्रम में प्रियांश आर्य के साथ बड़ी साझेदार कर सकें। टीम ने पिछले मैचों में काफी कैच छोड़े हैं जिससे भी टीम को नुकसान हुआ है। वहीं दूसरे और मुंबई इंडियंस पहले ही पलेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में वह इस मैच में बिना किसी दबाव के उतरेगी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करने उतरनेंगे। ऐसे में वह बेहतर प्रदर्शन कर पंजाब के प्लेऑफ का समीकरण बिगाड़ सकती है। जिसको ध्यान में रखते हुए पंजाब को सतर्क रहना होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे और इस मैच में उनके उतरने की संभावना है। वहीं आंकड़ो पर नजर डालें तो दोनो के बीच अबतक 34 मैच हुए हैं जिसमें से मुम्बई ने 17 जबकि पंजाब ने 16 जीते हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

पंजाब किंग्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शियस, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद। मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, रियान रिकेल्टन, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, राज बावा, विल जैक, कॉर्बिन बॉश, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, मयंक मारकंडे, शार्दुल ठाकुर, [illegible]टन डीकॉक, दानिश मालेवार, अथर्व अंकोलेकर, एएम ग़ज़नफ़र, मयंक रावत, रघु शर्मा, मोहम्मद सलाउद्दीन इज़हार, रॉबिन मिंज।

## कोको गॉफ इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

रोम (ईएमएस)। अमेरिकी महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ इटैलियन ओपन टर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। विश्व की तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने क्वार्टरफाइनल में रूस की मिरा एंड्रीवा को 4-6, 6-0, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। गॉ ने पहले सेट में 3-1 की महत्वपूर्ण बढ़त बनाई और इसे सफलतापूर्वक अंत तक बनाए रखा। डब्ल्यूटीए की एक रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा ने पहले सेट में कुल 10 विनर लगाए ऐसे एंड्रीवा ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया पर दूसरे सेट में गॉफ ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने सेट में शुरुआत में ही 3-0 की बढ़त के साथ एक निर्णायक ब्रेक हासिल किया। इसके बाद एंड्रीवा ने 11 गलतियां की जिसका लाभ उठाते हुए गॉफ ने बिना कोई गेम गंवाए 6-0 से सेट जीतकर मैच को निर्णायक तीसरे सेट में पहुंचा दिया। वहीं तीसरे और अंतिम सेट में गॉफ ने दूसरे सेट से मिली गति को बनाए रखा। उन्होंने 5-1 की डबल ब्रेक के साथ बड़ी बढ़त भी हासिल की। गॉफ ने एंड्रीवा की गलतियों का पूरा फायदा उठाया। लेकिन एंड्रीवा ने हार नहीं मानी और उन्होंने वापसी के प्रयास किये। गॉफ को मैच जीतने के लिए पांच मैच अंकका सामना करना पड़ा पर अंत में 6-4 से सेट और मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनायी।

## सुदर्शन ने लगातार तीसरे आईपीएल सत्र में 500 से अधिक रन बनाये



### विराट के रिकार्ड की बराबरी पर आये

अहमदाबाद (ईएमएस)।

गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। सुदर्शन आईपीएल सत्र में लगातार तीसरी बार 500 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इसी के साथ ही सुदर्शन ने आईपीएल में विराट कोहली के रिकार्ड की बराबरी कर ली है।

विराट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) की ओर से लगातार तीन सत्र में 500 से अधिक रन बनाये हैं। सुदर्शन ने 2024 और 2025 के बाद अब 2026 में यह शानदार कारनामा किया है। है। इसी के साथ ही वह विराट के साथ तीसरे पायदान पर संयुक्त रूप से आ गये हैं। विराट ने साल 2023, 2024 और 2025 में यह रिकार्ड बनाया था। वहीं वेस्टइंडीज के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने साल 2011, 2012, 2013 और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने साल 2019, 2020 और 2021 में भी लगातार तीन बार 500 से अधिक रन बनाये हैं। हालांकि, आईपीएल में सबसे ज्यादा बार 500 से अधिक रन बनाने का ओवरऑल रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर के नाम दर्ज है, जिन्होंने छह बार यह उपलब्धि हासिल की है।

इस सत्र में साई सुदर्शन का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। उन्होंने अब तक 12 मैचों में 41.75 की शानदार औसत से कुल 501 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने पांच अर्धशतक और एक शतक लगाया है। वह ऑरेंज कैप की दौड़ में अभी दूसरे पायदान पर हैं, जहां सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन 12 मैचों में 50.80 के औसत से 508 रन बनाकर उनसे थोड़ा आगे हैं। वहीं, विराट कोहली इस सूची में 13वें स्थान पर हैं, जिन्होंने 11 मैचों में 42.11 के औसत से 379 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

## काउंटी चैम्पियनशिप में सफल वापसी के साथ ही स्टोक्स ने साबित की फिटनेस



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चोट से वापसी करते हुए काउंटी चैम्पियनशिप में अच्छी गेंदबाजी कर साबित कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह से फिट हैं। स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने राहत की सांस ली है। टीम को आने वाले समय में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। ऐसे में स्टोक्स की वापसी से घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी बेहतर होगी। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास के बाद से ही स्टोक्स की भूमिका और भी अहम हो जाती है। स्टोक्स ने डरहम काउंटी क्रिकेट क्लब की ओर से वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के खिलाफ डिवीजन टू मुकाबले में खेला है। चोट से वापसी के बाद से ही यह उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। इंग्लैंड का इस साल एक व्यस्त घरेलू टेस्ट सत्र है, जिसमें उसे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट और अगस्त-सितंबर में पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं। ऐसे में तेज गेंदबाजी विकल्पों की कमी को देखते हुए, स्टोक्स को इन महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं के दौरान नई गेंद से गेंदबाजी करते हुए देखा जा सकता है।

## हालातों के अनुसार बनाते हैं रणनीति : शुभमन

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2026 मुकाबले में मिली जीत पर खुशी जतायी है। शुभमन ने कहा कि टीम को ये शानदार जीत गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मिली है। गुजरात ने जिस प्रकार से इस सत्र में उतार-चढ़ाव के बाद शीर्ष पर स्थान बनाया है उससे भी प्रशंसकों ने उसकी सराहना की है। वहीं शुभमन ने कहा कि उनकी टीम ने किसी खासा शैली को नहीं अपनाया है, उनकी टीम हालातों के अनुसार रणनीति बनाती है। इसी के साथ ही गुजरात ने लगातार पांचवां मुकाबला जीता।



मैच के बाद शुभमन ने कहा, हमें अच्छी तरह पता था कि इस विकेट पर 170 का स्कोर बनाना काफी कठिन होगा और उसका बचाव करना उससे भी मुश्किल रहेगा। हमारे गेंदबाजों ने इस दौरान जबरदस्त खेल दिखाया। हमने मैच से पहले अपनी गेंदबाजी रणनीति को लेकर एक स्पष्ट योजना बनाई थी, जिसपर अमल करने में हम सफल रहे। विशेष रूप से देखा जाये तो हमारी गेंदबाजी बेहतीन रही।

उन्होंने बल्लेबाजों साई सुदर्शन 61 और वाशिंगटन सुंदर 50 के अर्धशतकों की भी प्रशंसा की है। शुभमन के अनुसार इन शानदार पारियों से ही टीम 170 रन के अच्छे स्कोर तक पहुंची। साथ ही कहा, उनके बिना, 170 तक पहुंचना वाकई मुश्किल होता। अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचने के बारे में कप्तान ने बताया कि यह लगातार अच्छे प्रदर्शन से संभव हुआ है। अपनी टीम की पहचान को लेकर उन्होंने कहा, हम उस तरह की टीम नहीं हैं जो किसी खास स्टाइल या ब्रांड का क्रिकेट खेलती हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो हालातों का आंकलन करते हुए खेले।

होल्डर के योगदान को लेकर उन्होंने कहा, वह बेहद अनुभवी खिलाड़ी हैं। जिस लेंथ पर वह गेंद फेंकते हैं, वह हमारे लिए बेहतरीन साबित होती है। होल्डर ने लगभग हर मैच में चार ओवर की गेंदबाजी की है, जो इस मौसम में बिल्कुल भी आसान नहीं है, लेकिन वह टीम के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सीएसके टीम के साथ लखनऊ जाएंगे धोनी, टिकट हुआ बुक : कासी विश्वनाथन



मुम्बई (ईएमएस)।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अब तक इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेला है पर वह शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। इसका अंदाजा धोनी के टीम के साथ उड़ान भरने को लेकर लगाया जा रहा है। ऐसे में अगर वह खेलते हैं तो इस सत्र में उन्हें खेलते हुए देखने का प्रशंसकों का सपना पूरा हो सकता है। धोनी फिट न होने के कारण शुरुआत से ही बाहर हैं।

धोनी अपनी शानदार फिनिशिंग और विकेटकीपिंग के लिए जाने जाते हैं, पिंडली की चोट के कारण वह पूरे सीजन से बाहर रहे हैं। उनके बाहर होने से सीएसके के प्रशंसकों को निराश हुई है। प्रशंसक उन्हें एक बार फिर खेलते हुए देखना चाहते हैं। फैंस की चाहत है कि अगर वो मैदान पर नहीं उतर सकते तो कम से कम टीम के किसी मैच में मौजूद रहें। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने भी कहा है कि धोनी का लखनऊ के लिए टिकट बुक है। टीम शुक्रवार रात को एलएसजी से खेलने वाली है और इसमें धोनी की मौजूदगी से टीम का मनोबल बढ़ेगा। सीएसके इस समय प्लेऑफ की दौड़ में है और अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने का प्रयास कर रही है।

साल की खराब शुरुआत के बाद टीम ने लगातार तीन जीत दर्ज की हैं, जिससे उनकी स्थिति मजबूत हुई है। ऐसे में धोनी के साथ होने से टीम को मनोबल बढ़ेगा। यदि धोनी मैदान पर उतरते हैं, तो उनकी बल्लेबाजी सीएसके के निचले क्रम को मजबूती देगी और इसके साथ ही कप्तानी को भी अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा।




## डिस्कवरी ने शुरू किया 2026 समर फीस्टा

वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी (डब्ल्यूबीडी) भारतीय बच्चों के मनोरंजन के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाते हुए 2026 की गर्मियों के लिए लेकर आए हैं समर फीस्टा, जो कंपनी की सबसे बड़ी स्थानीय कंटेंट पहल है। साथ ही इसके दो मशहूर एवं प्रमुख ब्राण्ड्स- पोगो और कार्टून नेटवर्क पर भारत में बने दो ओरिजिनल आईपी भी लॉन्च किए गए हैं। तीन किड्स एंटरटेनमेन्ट चैनलों पर 200 से अधिक नए एपिसोड्स के साथ यह पहल भारत की अपनी रचनात्मक प्रतिभा और ओरिजिनल आईपी के विकास में निवेश के द्वारा अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस सीज़न में सबसे खास हैं नए ओरिजिनल आईपी का लॉन्च जिसका उद्देश्य विविधता लाना और स्वदेशी कंटेंट का पोर्टफोलियो तैयार करना है। पोगो पर शुरू हो रहा शो 'संपत चंपत', 'लोटपोट कॉमिक्स' के मशहूर पन्नों से भारत की सबसे आकर्षक कॉमिक जोड़ी में से एक को नए अंदाज़ में स्क्रीन पर पेश करता है। यह नया शो पोगो के फ़ैन्स को संपत और चंपत की दुनिया की सैर कराता है।

## स्वानंद किरकिरे रिलीज करेंगे 'अकेला'

अपने भावुक गीतों और दिल को छू लेने वाली धुनों के लिए मशहूर स्वानंद किरकिरे एक बार फिर अपने सबसे पसंदीदा क्रिएटिव स्पेस यानी रोमांटिक म्यूज़िक में लौट रहे हैं। मशहूर गीतकार और संगीतकार अगले महीने अपना नया लव सॉन्ग 'अकेला' रिलीज़ करने जा रहे हैं। इसके साथ ही वह एक नई म्यूज़िकल जर्नी की शुरुआत करेंगे, जिसमें वह हर महीने अपने यूट्यूब चैनल पर एक ओरिजिनल गाना रिलीज़ करने का प्लान बना रहे हैं। नेशनल अवॉर्ड विजेता स्वानंद इस साल पहले ही दो सिंगल्स रिलीज़ कर चुके हैं।स्वानंद का रोमांस से हमेशा खास रिश्ता रहा है। इस नए कदम के जरिए वह प्यार, कविता, संगीत और भावनाओं को और ज्यादा निजी और करीब से दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं।





## ईशान ने द रॉयल्स के एक साल पूरे होने पर किया यादों को ताजा

बीते साल ओटीटी सीरीज द रॉयल्स ने रिलीज होते ही युवाओं के बीच जबर्दस्त क्रेज बनाई थी। इस सीरीज को रिलीज हुए अब एक साल पूरा हो चुका है। अभिनेता ईशान खट्टर ने इस असवसर पर सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट किया। उन्होंने सीरीज से जुड़ी कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए शूटिंग के दिनों को याद किया। साथ ही उन्होंने फैंस के प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद भी कहा। ईशान खट्टर ने इंस्टाग्राम पर द रॉयल्स के सेट से जुड़े कई खास पल साझा किए। इन तस्वीरों और वीडियो में कलाकारों की मस्ती, शूटिंग के दौरान की मेहनत और पूरी टीम के बीच की शानदार दोस्ती साफ नजर आ रही है। इसके अलावा, इनमें शूटिंग के दौरान की तैयारियां, मुश्किल सीन्स और टीम के साथ बिताए गए इमोशनल पल भी इन झलकियों में शामिल हैं। पोस्ट के साथ ईशान ने कैप्शन में लिखा, द रॉयल्स को आज एक साल पूरा हो गया है और अब भी मुझे दर्शकों के ढेर सारे मैसेज और प्यार भरे नोट मिल रहे हैं। फैंस का यह प्यार मेरे लिए बहुत खास है और यही मुझे आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है। आने वाले समय में दर्शकों को और भी रोमांचक चीजें देखने को मिल सकती हैं।

## सतरंगी - बदले का खेल का ट्रेलर लॉन्च

ज़ी5 ने अपनी नई हिंदी मूल ड्रामा श्रृंखला सतरंगी - बदले का खेल का ट्रेलर जारी कर दिया है, यह कहानी ग्रामीण उत्तर प्रदेश के सामंती माहौल पर आधारित है। इस श्रृंखला में अंशुमान पुष्कर, कुमुद मिश्रा, महवश, उपेन चौहान और कशिश दुग्गल मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। श्रृंखला का निर्देशन जय बसंतू सिंह ने किया है और इसका निर्माण आरएनडी फिल्म एलएलपी ने किया है। यह श्रृंखला 22 मई को प्रदर्शित होगी।'सतरंगी - बदले का खेल' की कहानी बबलू महतो (अंशुमान पुष्कर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लौंडा नाच कलाकार के बेटे के रूप में अपमान और चुप्पी के माहौल में बड़ा होता है। जाति और ताकत से बंटी सामंती व्यवस्था में पले-बढ़े बबलू को जल्दी समझ आ जाता है कि सिर्फ ताकत से नहीं, बल्कि सत्ता के खेल को समझकर ही जिया जा सकता है। बबलू और लल्ली के रूप में दोहरी ज़िंदगी जीते हुए, वह दो बिल्कुल अलग दुनियाओं के बीच अपना रास्ता बनाना शुरू करता है, एक सत्ता की दुनिया, और दूसरी मंच की दुनिया। इसी दौरान वह सिंह और पांडे जैसे दो प्रभावशाली परिवारों के बीच बेहद खतरनाक खेल की नींव रखता है। जो कहानी शुरुआत में बदले की भावना से शुरू होती है, वह धीरे-धीरे सम्मान, अधिकार, बराबरी और सत्ता पर कब्जे की बड़ी लड़ाई में बदल जाती है।




## 14 साल बाद शेखर सुमन की वापसी




करीब 14 साल बाद शेखर सुमन एक बार फिर उस अंदाज़ में लौट रहे हैं, जिसने भारतीय मनोरंजन जगत में बातचीत को एक नई पहचान दी थी। उनकी दमदार आवाज़, शानदार मौजूदगी और लोगों से जुड़ने की खास कला ने एक पूरे दौर को प्रभावित किया था। अब उनकी आवाज़ फिर लौट आई है शेखर टुनाइट के साथ।शेखर टुनाइट का पहला लुक और ऑफिशियल ट्रेलर बड़े स्तर पर आउटडोर कैंपेन और डिजिटल लॉन्च के जरिए जारी किया गया। इसे देखकर उन दर्शकों की पुरानी यादें ताज़ा हो गईं, जिन्होंने शेखर सुमन को भारतीय टीवी पर अपने व्यंग्य, हास्य और बेहतरीन बातचीत के अंदाज़ से एक अलग पहचान बनाते देखा था। पॉडकास्ट और डिजिटल टॉक शो के लोकप्रिय होने से बहुत पहले ही शेखर सुमन ने अपनी समझदारी, बेबाक अंदाज़ और भावनाओं को समझने की कला से देशभर के दर्शकों का दिल जीता था।

## ठीक से आराम करना ज़रूरी है



सुम्बुल तौकीर ने लंबे काम के घंटों की चुनौतियों और टीवी में कहानी कहने के तरीकों में बदलाव की ज़रूरत पर बात की एक्ट्रेस सुम्बुल तौकीर ने टीवी में लंबे काम के घंटों पर अपने विचार शेयर किए।सुम्बुल ने बताया कि हर दिन इतने लंबे समय तक काम करने का असर किसी की भी शारीरिक और मानसिक सेहत पर पड़ना तय है, और इसलिए ठीक से आराम करना बहुत ज़रूरी है।सुम्बुल ने कहा, 'मैंने लगभग हर शो में लंबे काम के घंटे अनुभव किए हैं। यह बहुत थकाने वाला होता है—शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से। आप लगातार परफ़ॉर्म कर रहे होते हैं, डायलॉग याद कर रहे होते हैं, और ध्यान लगाए रहते हैं। अगर आप ज़्यादा घंटे काम कर रहे हैं, तो उसके बाद खुद को फिर से तरोताज़ा करने के लिए ठीक से आराम करना ज़रूरी है। '

## आईपीएल 2026 प्लेऑफ के लिए गुजरात टाइटंस सहित ये टीमें हैं दावेदार

मुम्बई (ईएमएस)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का लीग चरण अब समाप्त होने की ओर है। ऐसे में अब प्लेऑफ की तस्वीर साफ होती दिख रही है और प्लेऑफ की दौड़ में गुजरात टाइटंस सहित चार टीमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सनराइजर्स हैदराबाद व पंजाब किंग्स सबसे आगे हैं।

वर्तमान प्रदर्शन, अंक तालिका की स्थिति और नेट रन-रेट को देखते हुए ही ये चार टीमें अभी प्लेऑफ के लिए सबसे बड़ी दावेदार के तौर पर उभरी हैं।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 मैचों में 16 अंकों के साथ वे तालिका में पहला स्थान हासिल किया है। उसका नेट रन रेट भी +0.551 है जिससे भी उसकी दावेदारी और पक्की होती है। टीम ने अब तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संतुलन और निरंतरता दिखायी है।

वहीं रजत पाटीदार की कप्तानी वाली गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 14 अंकों और +1.103 के नेट रन रेट के साथ ही दूसरे नंबर पर है। पैट कमिंस की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से इस सत्र में भी अपने को साबित किया है। 12 मैचों में 14 अंक जुटाकर वे तीसरे स्थान पर हैं। इसके अलावा पंजाब किंग्स भी प्लेऑफ की दौड़ में मजबूती से बनी हुई है।

## आयोजन की तैयारियों के लिए आवश्यक बैठक आयोजित

# स्वच्छता और उसके अविरल प्रवाह को बनाए रखने के उद्देश्य से एक जन-जागरूकता अभियान

**उज्जैन।**

मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की पावन 'क्षिप्रा परिक्रमा' का भव्य आयोजन इस वर्ष 25 एवं 26 मई को किया जाएगा। यह यात्रा का 23वा वर्ष है। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को शहर की स्थानीय होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

यात्रा में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा सभी गतिविधियों एवं सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता की जाएगी।बैठक में यात्रा के सफल संचालन, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की जानकारी यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी द्वारा दी गई।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 मई को राम घाट पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ यात्रा का शुभारंभ और 26 मई को समापन होगा।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे।यह परिक्रमा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि शिप्रा नदी के संरक्षण, स्वच्छता और उसके अविरल प्रवाह को बनाए रखने के उद्देश्य से एक जन-जागरूकता अभियान भी है।



यात्रा के माध्यम से आमजन को नदी संरक्षण, जल स्रोतों के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से शिप्रा के प्रति श्रद्धा और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा।यात्रा के दौरान एक पुरातत्वविदों का दल मार्ग में स्थित ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अध्ययन करेगा, वहीं एक अन्य दल खाली स्थानों पर बीजारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा।

इससे हरित क्षेत्र बढ़ाने और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में भी सकारात्मक पहल होगी।बैठक में आयोजन से जुड़े अनेक प्रमुख जन उपस्थित रहे, जिनमें नरेश शर्मा (सचिव, शिप्रा लोक संस्कृति समिति), नारायण यादव 'दादा', अध्यक्ष, मप्र कुश्ती महासंघ, राजेश सिंह कुशवाह, कार्यपरिषद सदस्य, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, संजय अग्रवाल, कमल बैरवा, वीरेंद्र आंजना, सतीश सिंघल एवं आनंद खींची शामिल रहे।आयोजकों ने नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं युवाओं से इस धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व की यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर शिप्रा नदी के संरक्षण एवं उसके सतत प्रवाह को बनाए रखने के इस जन-अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### उर्वरक वितरण के लिए विशेष शिविर आज से

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में 14 एवं 15 मई 2026 को सभी ग्राम पंचायतों में दो दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के पत्र में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश भर में ई-विकास प्रणाली पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण फार्मर रजिस्ट्री एवं भूमि लिंकिंग पर आधारित किया जा रहा है। वर्तमान में उज्जैन जिले में एग्रीस्टैक पोर्टल पर कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री मात्र 42 प्रतिशत ही पूर्ण हुई है।इसी उद्देश्य से 14 एवं 15 मई 2026 को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं।

### प्रशिक्षण शिविर 15 मई से आयोजित

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी म.प्र. संस्कृति परिषद् द्वारा 15 से 25 मई 2026 तक ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न विद्याओं पर आधारित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष वरिष्ठ नृत्य गुरु राजश्री शिर्के, मुम्बई द्वारा शास्त्रीय नृत्य कथक, रामचन्द्र गांगोलिया उज्जैन द्वारा लोकगायन, हिरामणि वर्मा, उज्जैन द्वारा लोकनृत्य, हिमांशी चौबे, उज्जैन द्वारा कैलीग्राफी, प्रकाश देशमुख, उज्जैन द्वारा नाटक तथा कुलदीप दुबे, उज्जैन द्वारा सुगम संगीत का प्रशिक्षण प्रात: 08 से 10 बजे तक अकादमी परिसर में प्रदान किया जायेगा। इस कार्यशाल का शुभारंभ 15 मई को प्रातः 08 बजे होगा। कार्यशाला के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया की गई थी जो प्रशिक्षणार्थी ऑनलाइन पंजीयन नहीं कर पाए है तथा इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है, ऐसे समस्त प्रशिक्षणार्थी 15 मई को प्रात: 08बजे अकादमी में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवाकर इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

### हर घर योग, हर व्यक्ति निरोग

**उज्जैन।** आयुष विभाग के निर्देशानुसार 12 वें योग दिवस के व्यापक आयोजन के लिए सम्पूर्ण प्रदेश की आयुष संस्थाओं में योग प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।



इसी तारतम्य में जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक के निर्देशन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैरवगढ़ में 12 मई से 20 जून तक हर घर योग, हर व्यक्ति निरोग थीम पर योग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को नित्य योग से जोड़कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है।शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैरवगढ़ में ''हर घर योग, हर व्यक्ति निरोग'' कार्यक्रम के अंतर्गत योग सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्वेता गुजराती (एम.डी.) द्वारा सभी को योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए आप अपने नजदीकी आयुष औषधालय में जा सकते हैं अथवा घर से ही यू-ट्यूब की लिंक से जुड़कर योगाभ्यास कर सकते हैं।

### अनुभवी ट्रेनरों के आवेदन 15 मई तक आमंत्रित

**उज्जैन।** म.प्र. शासन पिछडावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों/पुलिस/होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों के भर्ती के लिये सक्षम बनाने के उद्देश से प्रदेश के 20 जिला मुख्यालयों पर कन्या एवं बालक के लिए पृथक-पृथक आवासीय प्रशिक्षण संचालित किया जाना है, जिसके अंतर्गत सैद्धांतिक प्रशिक्षण के लिए शासन द्वारा निर्धारित दर रुपये 500/- प्रतिकाल खण्ड (1घन्टा) और अधिकतम रुपये 12,500/- प्रतिमाह की दर के मानदेय पर सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, सामान्य हिन्दी सामान्य अंग्रेजी, सामान्य कंप्यूटर, अंकगणित व रिजनिंग विषयों के योग्य एवं अनुभवी ट्रेनरों के आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

## अंतर्गत प्राचीन भारत की पाण्डुलिपि विरासत के संरक्षण, संकलन एवं शोध का कार्य जारी

**उज्जैन।**

स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्राचीन भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं संवर्धन के लिए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ज्ञान भारतम प्रकल्प प्रारंभ किया गया है। ज्ञान भारतम प्राचीन भारत की पाण्डुलिपियों की विरासत को बचाने का एक राष्ट्रीय प्रकल्प है, जिसके अंतर्गत पांडुलिपियों के संरक्षण, संकलन एवं शोध का कार्य किया जाना है। उक्त कार्य के लिए सिंधिया प्राच्य विद्या शोध प्रतिष्ठान को स्वतंत्र इकाई बनाया गया है।ज्ञान भारतम अंतर्गत प्रदेश में चार संस्थाएं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग एएसआई भोपाल/जबलपुर, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय समिति (भोपाल), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, राष्ट्रीय अभिलेखागार (भोपाल) कार्य कर रहीं है। सिंधिया प्राच्य विद्या शोध प्रतिष्ठान में 20,000 पाण्डुलिपियां है। इनके डिजिटलीकरण की प्रक्रिया के लिए मेल भेजा जा चुका है। जिला स्तर पर एएसआई द्वारा नामित किए गए सर्वेक्षण अधिकारी ने प्राथमिक स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया है। प्रदेश में लगभग 10 लाख पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम ऐप पर दर्ज किया जा चुका है। भारत में प्रदेश उक्त कार्य में दूसरे स्थान पर है। जिला स्तर पर कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में समिति बनाकर ज्ञान भारतम प्रकल्प अंतर्गत किए जाने वाले कार्य संपादित किए जा रहे है। कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों से अपील की गई है कि यदि किसी के पास कोई पांडुलिपि सुरक्षित है तो उसे ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड कर कार्य में सहायता करें। उक्त कार्य अंतर्गत पांडुलिपि को देना या न देना स्वेच्छा है परंतु उसको ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड कर शोध के लिए उपलब्ध कर राष्ट्र हित में सहयोग करें।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन जागरुकता के लिए दीवार लेखन किया

**उज्जैन।** ग्राम रुपेटा में जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता हेतु दीवार लेखन किया गया। समिति से आगामी दिवस में जल संरक्षण के लिए कार्य करने पर चर्चा की गईगंगा दशहरा कार्यक्रम पर चर्चा की गईं। ग्राम रोहल में bs2, ms2 छात्र से फीस जमा करने हेतु संपर्क किया गया।



इस अवसर प्रसफुटन समिति अध्यक्ष महेश शर्मा सदस्य नवांकुर समिति झांझा खेड़ी से भगवान सिंह डोडिया उपस्थित रहे।

### संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने सभी कलेक्टर को दिए निर्देश

## संभागायुक्त सिंह की अध्यक्षता में उज्जैन संभाग की कलेक्टर कान्फ्रेंस आयोजित

**उज्जैन।**

संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में संभाग के सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि राजस्व के प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए अधीनस्थ कार्यालयों का लगातार निरीक्षण करें और लोक सेवा गारंटी के आवेदनों पर समय सीमा में काम नहीं होने पर संबंधित अधिकारी पर पेनाल्टी लगाए। सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण के अविवादित प्रकरणों की पेंडेंसी एक माह में खत्म करें।

नामांतरण, सीमांकन के प्रकरणों में निचले अमले की कार्रवाई पर भी निगाह रखें। बिना कारण सीमांकन प्रकरण रद्द नहीं हो।संभाग आयुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में रतलाम कलेक्टर मिशा सिंह, देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह, शाजापुर कलेक्टर सु रिजु बाफना, आगर मालवा कलेक्टर मती प्रीति यादव, नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, मंदसौर मती अदिति गर्ग, ज्वाइंट कमिश्नर राजेंद्र वर्मा, डिप्टी कमिश्नर रणजीत कुमार, जिलों के जिला पंचायत सीईओ और अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि उज्जैन में सीमांकन के प्रकरण लंबित नहीं हैं। इसी प्रकार नीमच जिले में भी पेंडेंसी नहीं है।संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कहा की नक्शा दुरुस्ती संबंधी प्रकरण होने पर आवेदन लेकर प्रकरण दर्ज कर ले उसके कारण सीमांकन प्रकरण रद्द नहीं हो।बैठक में



उज्जैन,देवास, रतलाम, शाजापुर, आगर मालवा, मंदसौर, नीमच के कलेक्टर ने गेहूं खरीदी, बारदान उपलब्धता, गेहूं का परिवहन की जानकारी भी दी ।संभाग आयुक्त सिंह ने स्वास्थ विभाग की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं की एएनसी पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि जिलों में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन अनिवार्य रूप से हो और सभी आवश्यक दवाई, आयरन गोली, टीकाकरण लगे और लगातार उनके स्वास्थ की जानकारी भी अद्यतन रहे।संभागायुक्त आशीष सिंह ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की पूरी तरह ट्रेकिंग हो और समय-समय उनको जानकारी भी दी जाए,जिससे उनको पोषण आहार भी मिलता रहे। इसके लिए साथ ही सभी प्रसव अस्पताल में हो इससे बच्चों के स्वास्थ पर भी निगाह रखी जा सकेगी और उनकी बेहतर देखभाल भी होगी।मंदसौर कलेक्टर मती अदिति गर्ग ने बताया कि जिले में जन्म के बाद 24 घंटे बच्चों को मां के साथ रखा जा रहा है जिससे जन्म के बाद तत्काल मां का दूध मिल सके और उनका बेहतर विकास हो, इससे बच्चों में कुपोषण दर कम हुई है और मृत्यु दर में भी कमी आई है ।देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि? देवास में बच्ची के जन्म के समय सभी सुरक्षा इंतजाम के साथ स्वच्छता का प्रोटोकॉल भी अपनाया गया है। इससे बच्चों में इन्फेक्शन से बचाव हुआ है। कमिश्नर सिंह ने उक्त दोनों बिंदुओं को सभी जिलों को अध्ययन कर जिलों में भी अपनाने के लिए कहा है। जिलों में टीबी बीमारी की लगातार जांच हो। संभाग आयुक्त ने बैठक में हाई रिस्क वाले चिह्नित ग्रामों में टीबी की जांच पुन: एक बार करवाने कें लिए शिविर के निर्देश दिए है।संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कहा कि संभाग के जिलों में बच्चों में कुपोषण की कमी लाने के लिए आंगनवाड़ी में पंजीयन अनिवार्य रूप से करवाने और उनको पोषण आहार देने के लिए जन सहयोग से मदद करने का भी पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा सकता है ।

संभाग में नवजात बच्चों को सही तरीके फीडिंग कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलेगा।संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने महिला बाल विकास की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि बच्चों को मां के दूध और ऊपरी दूध की फीडिंग को बेहतर तरीके कराने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा।

## सीएमएचओ डॉ. पटेल द्वारा निर्माणाधीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**उज्जैन।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा 13 मई 2026 को उज्जैन शहर के भेरुगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ महापर्व 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को दिए गए। साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने एवं तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ब्रजेश त्रिपाठी



द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ संयुक्त रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्हेल का भी निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्र में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) भवन का अवलोकन कर भवन की आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न विभागों, वार्डों एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया गया तथा भर्ती मरीजों से चर्चा कर उन्हें प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें दोनों विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने, हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच एवं उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) में क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर भर्ती कराने के लिए निर्देशित किया गया।बैठक में दोनों विभागों के समन्वय से कार्य करने, गर्भवती पंजीयन संबंधी डेटा में एकरूपता बनाए रखने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दूष्प्रभाव से बचाव व रोकथाम की जागरूकता

**उज्जैन।**

माह मार्च से माह जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी परिलक्षित होती है। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग (Global Warming) के कारण जलवायु परिवर्तन से तापमान में हो रही वृद्धि के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि अधिक तापमान के कारण होने वाले स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए समयानुसार उपाय किए जाए, ताकि मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि से यथासंभव बचाया जा सकें।लू (heat stroke) हीट स्ट्रोक (सन स्ट्रोक) शरीर की वह अवस्था है जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस (104.0 डिग्री फारेनहाइट) के पास पहुँच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। यह स्थिति एकाएक आ सकती है या धीरे-धीरे। इस समस्या की जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बन्द कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले तो मृत्यु भी हो सकती है। इसलिये पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य पिये, छोटे बच्चों को कपड़े से ढककर छाया वाले स्थान पर रखें। गर्मियों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता रहता है और जमता रहता है जिसके कारण त्वचा पर कई बार खुजली होने लगती है और गर्मी से एलर्जी हो जाती है और लाल हो जाती है। कई बार ज्यादा खुजली के कारण शरीर बहुत लाल हो जाती हैं। शरीर की त्वचा पर घुमन सी होती है जिसके कारण इसे कांटेदार गर्मी भी कहा जाता है।हीट रैशेज के लक्षणछोटे गुलाबी या लाल रंग की त्वचा या फिर छोटे छोटे दाने निकलना। जलन, खुजली या त्वचा पर चुभन सी महसूस होना ऐसा तब होता है जब शरीर का पसीना आसानी से वाष्पित नहीं हो पाता।क्या उपाय करेंठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें। ढीले सूती कपड़े पहने। प्रभाव को कम करने के लिए विशेष प्रकार के सनस्क्रीन लोशन का प्रयोग करें। जितना संभव हो सके त्वचा को साफ और शुष्क बना कर रखें। इससे संक्रमण की संभावना कम होती है। गर्मी में घर से बहार निकलते वक्त छाते का प्रयोग अवश्य करें।

## गंगेडी में रात्रि कालीन कृषक संगोष्ठी और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**उज्जैन।**

उप संचालक कृषि यू.एस. तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के रूप में घोषित किया गया है।

जिसके तहत किसानों के हितों लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गत दिवस 12 मई को ग्राम पंचायत गंगेडी में रात्रि कालीन कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को ई- टोकन प्रणाली से खाद वितरण की संपूर्ण जानकारी, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधिकरण, प्राकृतिक खेती, खेती में लागत कम करने उपाय एवं आगामी खरीफ सीजन के लिए के पूर्व तैयारी के संबंध में समसामयिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच मुकेश आंजना, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ए. के. दीक्षित, परियोजना संचालक आत्मा के एस. कैन, सहायक संचालक कृषि कमलेश कुमार राठौर, बीटीएम राजेश चौहान , कृषि विस्तार अधिकारी पूनम एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें ।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की मेजबानी के लिए संवर रहा उज्जैन

## पेट्रोल-डीजल की मितव्ययता पर प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान और मुख्यमंत्री की पहल पर अधिकारियों ने बस से किया भ्रमण

**उज्जैन।**

सिंहस्थ 2028 महापर्व के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विश्व भर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुविधाजनक रूप से मोक्षदायिनी शिप्रा नदी में स्नान कराने और श्रद्धालुओं की मेजबानी के लिए उज्जैन संवरने लगा है। पांच दिन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने शिप्रा किनारे पैदल 36.5 किलोमीटर भ्रमण करते हुए घाट से जोड़कर बनाए जाने वाले प्रस्तावित मार्गों के लिए 140 स्थान चिन्हित कर तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर पेट्रोल-डीजल की मितव्ययिता नियम का अनुसरण करते हुए अधिकारी बस में सवार होकर निरीक्षण के लिए पहुंचे।

सिंहस्थ 2028 के लिए निर्माणाधीन विकास कार्यों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रस्तावित मार्ग चिन्हित करने के लिए नियमित निरीक्षण के तहत बुधवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष



मिश्रा के साथ अधिकारियों की टीम सुबह पेट्रोल-डीजल बचाने का संदेश देते हुए एक ही बस में सवार होकर निरीक्षण पर निकले। सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत निर्माणाधीन 29 किलोमीटर के नए घाट और सभी घाटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले प्रस्तावित एप्रोच रोड के लिए स्थान चिन्हित किए। निरीक्षण के पांचवें दिन अधिकारियों ने लाल पुल ब्रिज के नीचे स्थित घाट क्षेत्र से निरीक्षण शुरू करते हुए गऊघाट, वेधशाला के पीछे, वाकणकर ब्रिज के समीप, जीवन खेड़ी, शनि मंदिर के समीप पुराने और निर्माणाधीन नवीन घाट तक पहुंच मार्ग तैयार करने के लिए प्रस्तावित स्थानों को चिन्हित किया। निरीक्षण के दौरान विशेष कर्तव्यवस्थ अधिकारी गोपाल डाड, यूडीए सीईओ संदीप सोनी सहित सिंहस्थ कार्यों को गतिशीलता देने वाले विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।संभागायुक्त सिंह के साथ पांच दिनों से किए जा रहे निरीक्षण के दौरान शिप्रा नदी के दोनों किनारों की 36.5 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर 140 स्थान चिन्हित किए गए।

एप्रोच रोड़ निर्माण के लिए शिप्रा नदी के किनारों पर निर्माणाधीन नवीन घाट और पुराने घाट भी शामिल किए गए है। संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि घाट से 200 मीटर एरिया में जो स्थान चिन्हित किए है उन स्थानों पर श्रद्धालुओं को घाट तक आने और जाने के लिए प्रस्तावित एप्रोच रोड़ का निर्माण सुविधाजनक और सहज हो इसका ध्यान रखें। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि एप्रोच रोड़ के लिए स्थान चिन्हित होने के बाद अब यह सूची पुलिस विभाग को सौंपी जाएगी। पुलिस विभाग के माध्यम से भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को लेकर प्लान तैयार किया जाए। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ के लिए विकास कार्य प्रगतिरत है।

सबसे महत्वपूर्ण है कि सिंहस्थ में विश्व भर से आने वाले श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग के साथ ही स्नान के लिए घाट तक पहुंचाने के लिए सुविधाजनक एप्रोच रोड़ का निर्माण किया जाए। व्यवस्थित पार्किंग क्षेत्र और घाट तक सुविधाजनक आने जाने के मार्ग होने से भीड़ प्रबंधन और यातायात प्रबंधन करने में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर शिप्रा नदी के 29 किलोमीटर क्षेत्र में नव निर्माणाधीन घाटों के माध्यम से 24 घंटे के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं को शिप्रा में स्नान कराने के बाद सुरक्षा और सुविधा के साथ गंतव्य तक पहुंचाया जा सकेगा। सिंहस्थ के लिए सभी विभागों ने निर्माणाधीन विकास कार्यों की गति तेज कर दी है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित. प्रधान संपादक : सुनील वर्मा
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com,